दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



एक हफ्ते के अंतर में रिलीज होंगी किंग और एवेंजर्स डूम्सडे

14 साल से इंडस्ट्री में, फिर भी अपना घर नहीं

वर्ष : 12 अंक : 261 लखनऊ, 17 सितम्बर, गुरूवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# डॉ. रमन बोले- मोदी का नेतृत्व देश के लिए वरदान, चौथी बार भी बनेंगे प्रधानमंत्री

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व, कार्यशैली और उनके साथ बिताए यादगार पलों को एक विशेष साक्षात्कार में खुलकर साझा किया। डॉ. सिंह ने कहा, 24 घंटे और 365 दिन देश सेवा में समर्पित रहने वाले नरेंद्र मोदी जैसा दूरदर्शी नेतृत्व सदी में एक बार मिलता है। दंतेवाड़ा के आवासीय विद्यालय में बच्चों संग पीएम के ड्रम बजाने से लेकर, बीजापुर में महिला को अपने हाथों से चरण पादुका पहनाने और 104 वर्ष की वृद्धा कुंवर बाई के पैर छूने जैसे भावुक संस्मरणों का जिक्र करते हुए उन्होंने पीएम श्री मोदी की असीम संवेदनशीलता और विनम्रता को रेखांकित किया। साथ ही बस्तर से नक्सलवाद के समूल उन्मूलन में केंद्र सरकार के दृढ़ संकल्प को निर्णायक बताते हुए डॉ. रमन सिंह ने विश्वास जताया कि देश की जनता के अटूट भरोसे के दम पर नरेंद्र मोदी चौथी बार भी देश के प्रधानमंत्री के रूप में भारत का नेतृत्व करेंगे। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ विशेष बातचीत के प्रमुख अंश प्रस्तुत हैं।

inh न्यूज विशेष

सेवा संकल्प दिवस के खास मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की विशेष



- ***नरेंद्र मोदी से पहली मुलाकात आपकी कब हुई थी और कैसे हुई थी?***
- एक लंबा समय निकल गया है और मुझे लगता है कि नरेंद्र भाई को काम करते हुए अलग-अलग रूप में, कभी एक अच्छे संगठक के रूप में, कभी प्रदेश में मुखिया के नाते मुख्यमंत्री के रूप में, फिर प्रधानमंत्री के रूप में अलग-अलग भूमिकाओं में लंबे समय तक देखने का अवसर मिला। और मुझे लगता है कि मेरी पहली मुलाकात यदि मैं कहूं तो वो तो बहुत लंबा समय, जब मुरली मनोहर जोशी की यात्रा में प्रभारी थे। यह मुरली मनोहर जोशी की उस यात्रा का अनुभव मेरे साथ जुड़ा है, मगर मोदीजी के साथ जो परिचय बढ़ा, उस समय तो एक सामान्य कार्यकर्ता और मैं एक छोटा कार्यकर्ता था, वे हमारे राष्ट्रीय महामंत्री संगठन के रूप में काम करते जब छत्तीसगढ़ के प्रभार में भी थे, उस समय भी मिलने का अवसर मिला।
- **जब नरेंद्र मोदी को गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया गया, तब आपकी पहली प्रतिक्रिया आपके आसपास की क्या थी?**
- मैं उस समय तक संगठन के राष्ट्रीय दायित्व में नहीं था, मगर वह घटना पूरे देश में चर्चा का विषय रही कि पहली बार इस प्रकार का दायित्व सौंपा गया। कोई महामंत्री संगठन राजनीतिक दृष्टि से मुख्यमंत्री बन जाए, क्योंकि गुजरात की चुनौती बड़ी थी, और बड़ी चुनौती को संभालने के लिए एक मजबूत, दृढ़ निश्चयी व्यक्ति की जरूरत थी। उस समय संगठन ने सही व्यक्ति का चुनाव किया, जो उस झंझावातों से उस गुजरात को आगे निकालने और विकास की दिशा में ले जाए तो मुझे लगता है कि वह निर्णय उस समय के नेतृत्व ने जो किया, वह बड़ा निर्णय था और उसका नतीजा भी देखने को मिला देश को।

## खबर संक्षेप

### धीरेंद्र शास्त्री के भाई को हाईकोर्ट से जमानत



जबलपुर। बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई शालिग्राम शास्त्री उर्फ 'छोटे सरकार' को फायरिंग और मारपीट के मामले में मप्र हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस अजय कुमार की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उनकी नियमित जमानत मंजूर कर दी। छतरपुर के गढ़ा थाना क्षेत्र में गाली-गलौज, लाठी से मारपीट और गोली चलाने का मामला दर्ज है।

### अमृत ग्रुप के 17 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी



इंदौर। अमृत ग्रुप ऑफ कंपनीज से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को इंदौर और कोलकाता में 17 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। जांच एजेंसी के अनुसार, ग्रुप से जुड़ी कंपनियों ने आकर्षक डिपॉजिट योजनाओं के जरिए लोगों से रकम जुटाई और बाजार से अधिक रिटर्न देने का भरोसा दिलाया।

### पीएम मोदी आज सुबह करेंगे 'मन की बात'



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। मोदी के लगातार तीसरी बार पीएम पद संभालने के बाद 'मन की बात' की यह पहली कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट पर प्रसारित होगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला

**51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारियों के अनिवार्य ईपीएफओ कवरेज के दायरे में आने की उम्मीद**

# ईपीएफओ वेतन सीमा अब 15 हजार से 25 हजार प्रति माह

केंद्र सरकार के इस कदम से अधिक से अधिक श्रमिकों को संगठित क्षेत्र की सुरक्षा मिल सकेगी

- ऐसा इसलिए किया गया है ताकि पिछले कुछ सालों में वेतन में लगातार बढ़ोतरी, आय में वृद्धि और औपचारिक रोजगार के लगातार विस्तार को ध्यान में रखा जा सके
- ईपीएफ की वेज सीलिंग का मतलब है कि पीएफ की अनिवार्य गणना के लिए कितनी अधिकतम मासिक मजदूरी/वेतन को आधार माना जाएगा

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,



अश्विनी वैष्णव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए प्रति माह करने के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से 51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारियों के ईपीएफओ कवरेज के दायरे में आने की उम्मीद है, जिससे कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा के दायरे में काफी वृद्धि होगी। ईपीएफओ वेतन सीमा 2004 से 2014 तक के दशक में अपरिवर्तित रही, सितंबर 2014 में इसे बढ़ाकर 15,000 रुपए कर दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि पिछले कुछ सालों में वेतन में लगातार बढ़ोतरी, आय में वृद्धि और औपचारिक रोजगार के लगातार विस्तार को ध्यान में रखा जा सके। इस मंजूरी से प्रभावी योजना के प्रावधानों के अनुसार भविष्य निधि बचत, कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत पेंशन सुरक्षा और कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना (ईडीएलआई) के तहत बीमा सुरक्षा तक पहुंच का विस्तार होगा।

सेवानिवृत्ति की मजबूत सुरक्षा और विकसित भारत@2047 की दिशा में बड़ा कदम



फाइल फोटो

- *ईपीएफओ वेतन सीमा 2004 से 2014 तक के दशक में अपरिवर्तित रही*
- *सितंबर 2014 में इसे बढ़ाकर 15,000 रुपए कर दिया गया था*

### पांच वर्षों में अनुमानित व्यय लगभग 56,696 करोड़

इस प्रस्ताव पर विस्तृत अंतर-मंत्रालयी परामर्श किया गया और व्यय वित्त समिति ने 16 जून 2026 को आयोजित अपनी बैठक में इसकी सिफारिश की। लगभग 10,250 करोड़ रुपए के मौजूदा वार्षिक बजटीय समर्थन के मुकाबले वार्षिक सरकारी व्यय लगभग 11,339 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। पांच वर्षों में अनुमानित व्यय लगभग 56,696 करोड़ रुपए है।

### यह वेतन सीमा संशोधन 12 साल बाद

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह वेतन सीमा संशोधन 12 साल बाद किया जा रहा है। ईपीएफओ की वेतन सीमा 2004 से 2014 तक अपरिवर्तित रही थी। यह कदम श्रमिकों के लिए एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा जाल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को भविष्य निधि के दायरे में लाना है।

### ईपीएफओ वेतन सीमा क्यों बढ़ाई गई?

यह वेतन सीमा बढ़ाने का निर्णय कई महत्वपूर्ण कारकों पर आधारित है। पिछले कुछ वर्षों में देश में निरंतर वेतन वृद्धि देखी गई है। लोगों की आय में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही, औपचारिक रोजगार के क्षेत्र में भी विस्तार हुआ है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, सरकार इन सभी बदलावों को दर्शाना चाहती है। इस कदम से अधिक से अधिक श्रमिकों को संगठित क्षेत्र की सुरक्षा मिल सकेगी। बेहतर रोजगार अवसर से सुरक्षा ढांचे बेहतर होगा।



घटना के बाद प्रशासन जेसीबी से मलबा हटाते हुए

सांवेर में भरभराकर गिरी पुराने मकान की दीवार

# चार महिला मजदूरों की मौत, तीन लोग घायल



- जर्जर मकान तोड़ते समय ढही पड़ोसी की दीवार
- एक महीने पहले गिरा था मकान का छज्जा
- नगर परिषद ने दिया था खाली करने का नोटिस

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

इंदौर के पास सांवेर में बुधवार शाम करीब 4 बजे जर्जर मकान तोड़ने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मकान को गिराते समय पास के दूसरे मकान की पुरानी और जर्जर दीवार अचानक ढह गई। मलबे की चपेट में आने से 4 महिला मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। मृतकों की पहचान चंदा बाई, सीमा बाई, सुशीला बाई और रीना बाई के रूप में हुई है। हादसे की पुष्टि एसडीओपी देवेंद्र धुर्वे ने की है। हादसा टशन चौराहे के पास हुआ। यहां 'नेताजी' के नाम से चर्चित जर्जर मकान को तोड़ने का काम चल रहा था। इसी दौरान बगल के मकान की पुरानी दीवारभरभराकर गिर गई।

### इंदौर से एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची

स्थानीय लोगों के मुताबिक जिस मकान को तोड़ा जा रहा था, उसका छज्जा करीब एक महीने पहले गिर गया था। इसकी सूचना नगर परिषद को दी गई थी। इसके बाद मकान मालिक दिनेश जैन को मकान खाली करने का नोटिस भी दिया गया था। घटना के समय दिनेश जैन ठेकेदार के साथ मौकेपर मौजूद था।

25 राज्यों से जुटेंगे 1700 युवा

## 17 से 19 सितंबर तक चलेगी युवा धर्म संसद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



- 18 सितंबर को भागवत करेंगे उद्घाटन

उज्जैन में 17 से 19 सितंबर तक तीन दिवसीय युवा धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा। देवास रोड स्थित गीता भवन में होने वाले कार्यक्रम में आयोजकों के मुताबिक देश के 24-25 राज्यों से करीब 1700 छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। इनके अलावा करीब 300 शिक्षक, शोधकर्ता और धर्माचार्य भी अलग-अलग सत्रों में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 18 सितंबर को होगा।

ओवैसी पर रामेश्वर का पलटवार

## मिसाइलें चलती थीं और मिसाइलें चलती भी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



- भारत में कुछ लोग जिन्ना की विचारधारा वाले

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की ओर से दिए गए बयान के बाद भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने पलटवार किया है। शर्मा ने कहा कि वे बैरिस्टर हैं, इसलिए भाषा की मर्यादा का भी ध्यान रखें। दोनों नेताओं के बीच यह बयानबाजी भोपाल के काजी कैंप को लेकर दिए गए 'मिसाइल' बयान के बाद तेज हुई है। विधायक ने कहा कि मिसाइल चलती थी, मिसाइल चलती रहेगी।

'चिता आंदोलन' पांचवें दिन जारी

## महिला की मौतः लोग बोले- न्याय दो या मार

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



- विस्थापित उचित पुनर्वास, मुआवजे की मांग

केन-बेतवा लिंक परियोजना, मझगाय और रुंझ बांध के साथ सिंगरौली-ललितपुर रेलवे लाइन से प्रभावित विस्थापितों का 'चिता आंदोलन' बुधवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के दौरान टपरियानिवासी एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। विस्थापितों का कहना है कि न्याय दो या मार दो। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जय किसान संगठन के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर के मुताबिक केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित आदिवासी परिवार नदी में 'जिंदा चिता' बनाकर धरना दे रहे हैं।

## उज्जैन में खड़े हनुमान मंदिर के समर्थन में जुटे हजारों श्रद्धालु



मार्ग चौड़ीकरण के दौरान मंदिर को यथास्थान रखने की मांग, संतों ने दिलाई संकल्प की शपथ

**लाठी-गोली खाएंगे, मंदिर यहीं बनाएंगे... के लगे नारे**

उज्जैन। सराफा बाजार स्थित खड़े हनुमान मंदिर को मार्ग चौड़ीकरण के दौरान यथास्थान रखने की मांग को लेकर बुधवार को सकल हिंदू समाज ने शक्ति प्रदर्शन किया। मंदिर से कंठाल चौराहे तक करीब एक किलोमीटर क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। आयोजकों के मुताबिक प्रदर्शन में पांच हजार से अधिक लोग शामिल हुए।

उच्च शिक्षा मंत्री के आवास पर धरनारत हैं अतिथि विद्वान

अतिथि विद्वानों ने शिवराज को याद दिलाया वादा

# जवाब मिला- एक मुख्यमंत्री की घोषणा दूसरे को पूरी करनी चाहिए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मध्य प्रदेश के अतिथि विद्वान मंगलवार से उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के भोपाल स्थित बंगले के बाहर धरने पर बैठे हैं। बुधवार सुबह करीब 200 अतिथि विद्वानों ने केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला वहां से गुजरते वक्त रोक लिया। उन्होंने शिवराज को अपनी मांगें बताईं और 11 सितंबर 2023 के उनके आश्वासन याद दिलाए। शिवराज ने



अतिथि विद्वानों से बात करते हुए

कहा- एक सीएम की घोषणा दूसरे को पूरी करनी चाहिए। इससे पहले बुधवार सुबह मंत्री इंदर सिंह परमार ने अतिथि विद्वानों के चार प्रतिनिधियों को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनीं। हालांकि, उन्होंने फॉलन आउट प्रक्रिया बंद करने से इनकार कर दिया। अतिथि विद्वानों का कहना है कि जब तक नियमितीकरण और स्थायित्व को लेकर ठोस नीति नहीं बनती, तब तक फॉलन आउट प्रक्रिया बंद की जाए। अतिथि विद्वानों ने शिवराज को बताया कि उनके सामने सबसे बड़ा मुद्दा फॉलन आउट प्रक्रिया है। उन्होंने मांग पत्र भी सौंपा। उनका कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे अतिथि विद्वानों के भविष्य की सुरक्षा के लिए नीति बनने तक उन्हें व्यवस्था में बनाए रखा जाए।

दिग्गज एक्टर अनंत नाग को मिलेगा दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

# 'पठान' के गाने 'बेशरम रंग' पर नाग ने कहा था- महिलाओं को इस तरह दिखाना बंद करना चाहिए... क्योंकि, यह हमारी संस्कृति का हिस्सा नहीं

केजीएफ से नई पीढ़ी में भी बनाई पहचान, 300 से ज्यादा फिल्मों में किया अभिनय



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिग्गज एक्टर अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए दादा साहब फाल्के अवॉर्ड 2024 देने का ऐलान हुआ है। उन्हें यह अवॉर्ड 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड सेरेमनी में दिया जाएगा, जो 22 सितंबर को गुजरात के केवड़िया में आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनंत नाग को बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि दिग्गज अनंत नाग जी को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई।

- ***पीएम मोदी ने दी बधाई कहा-गहरी छाप छोड़ी***



आरके नारायण की कहानियों पर बने दूरदर्शन सीरियल 'मालगुडी डेज' में भी काम किया

- ***22 सितंबर को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में मिलेगा सम्मान***

### पद्म भूषण से भी नवाजे गए थे

अनंत नाग को 2025 में भारत सरकार ने तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया था। नाग का जन्म 4 सितंबर 1948 को हुआ था। वे कन्नड़ सिनेमा की सबसे मशहूर शख्सियतों में से एक हैं। उनके अभिनय की खासियत यह रही है कि उन्होंने अपने लंबे करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं।

## चार माह की गर्भवती विवाहिता ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। रतनापुर गांव में बुधवार को चार माह की गर्भवती 19 वर्षीय विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी घटना की सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना से गांव में सनसनी फैल गई, जबकि दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान रायबरेली के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के कोडरा गांव निवासी विमल की पुत्री संध्या के रूप में हुई है। उसकी शादी इसी वर्ष मई में रतनापुर निवासी करन के साथ हुई थी। मायके पक्ष ने मौत को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा थाना प्रभारी ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एलआईसी एजेंट गोलीकांड में तीन और गिरफ्तार

## रंजिश में वारदात को दिया अंजाम, एक आरोपी ने थाने में किया आत्मसमर्पण, एक तमंचा और कारतूस बरामद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ढेढ़मऊ में फोटो कॉपी कराने गए एलआईसी एजेंट को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। एक आरोपी ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया, जबकि दो आरोपियों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर के आधार पर आरोपियों तक पहुंची। पुलिस के मुताबिक, 11 सितंबर की शाम करीब सात बजे काकोरी थाना क्षेत्र के सैफलपुर निवासी एलआईसी एजेंट समेंद्र कुमार यादव ढेढ़मऊ स्थित दुर्गेश जनसेवा केंद्र पर जरूरी दस्तावेजों की फोटो कॉपी कराने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें गोली मार दी गई। गोली आंख के पास से सिर को छूती हुई गर्दन में जा धंसी थी। गंभीर हालत में उन्हें केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां ऑपरेशन कर गर्दन में फंसा छर्रा निकाला गया। अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद समेंद्र के भाई नरेंद्र की तहरीर पर मलिहाबाद थाने में पांच नामजद और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही थीं।

### एक आरोपी ने थाने में किया आत्मसमर्पण

पुलिस के अनुसार, नामजद आरोपी तिलसुवा निवासी अभय यादव उर्फ छोटू ने 15 सितंबर को मलिहाबाद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक अभय घरेलू कामकाज के साथ आम के सीजन में आढ़त का काम करता है। इसके बाद पुलिस ने गोली कांड में सहयोग करने के आरोपी तिलसुवा निवासी अंकुश यादव उर्फ मौत और कालाचीता उर्फ वैभव को मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे मोहान रोड स्थित घोला तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों लखनऊ में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं।



गोली कांड में शामिल आरोपी अभय



कालाचीता उर्फ वैभव, अंकुश उर्फ मौत

### रूपांशी की मौत को लेकर थी रंजिश

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 24 मई को तिलसुवा निवासी रूपांशी की मौत के मामले में उसका परिवार उसके पति सुधीर निवासी भुलभुला खेड़ा और बहनोई समेंद्र को जिम्मेदार मानता था। इसी मामले में पुलिस ने पति को दहेज हत्या के आरोप में जेल भेजा था। आरोपियों के मुताबिक, समेंद्र इस मामले में पैरवी कर रहा था। इसी रंजिश के चलते उसे निशाना बनाने की साजिश रची गई। पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका और साजिश से जुड़े पहलुओं की जानकारी जुटा रही है।

### बाल अपचारी ने भी किया था आत्मसमर्पण

पुलिस के मुताबिक, मामले में 14 सितंबर को एक बाल अपचारी ने भी मलिहाबाद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया था। वह पिता के साथ खेती-किसानी में हाथ बंटाता था। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध असलहा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। वहीं, मामले में नामजद महेंद्र, जोगिंदर और नरेंद्र निवासी तिलसुवा अभी फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से रोडवेज के संविदा बस चालक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बुधवार सुबह पैदल सड़क पार कर रहे रोडवेज के एक संविदा बस चालक को अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से बाराबंकी जिले के जैदपुर थाना अंतर्गत बोजा गांव निवासी मोहम्मद नदीम (45) आशियाना के औरंगाबाद में अपनी पत्नी कैफी और दो बेटों के साथ रहकर उप नगरीय बस में संविदा चालक के रूप में तैनात थे। मोहम्मद नदीम बीते कुछ दिनों से नाइट ड्यूटी कर रहे थे। मंगलवार रात वह नाइट ड्यूटी करने के बाद सुबह घर जाने के लिए साधन की तलाश में ट्रांसपोर्ट नगर के पास पैदल ही रोड पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोहम्मद नदीम को जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मोहम्मद नदीम को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया।लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास मिले मोबाइल और आईडी से पहचान होने के बाद उसके घर वालों को सूचना दी गई।फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दो घंटे सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस, माइनर में पड़ा रहा युवक का शव

**लेखपाल की नाप के बाद 2 घंटे बाद निकाला गया शव शुरू हुई कार्रवाई हाईवे किनारे लकड़ी के बक्से में मिला खून से लथपथ शव**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। हाईवे किनारे माइनर में लकड़ी के बक्से के भीतर मिले खून से लथपथ युवक के शव से ज्यादा चर्चा पुलिस की कार्यशैली की रही हत्या जैसे गंभीर मामले में मोहनलालगंज और निगोहां थाने की पुलिस करीब दो घंटे तक सीमा विवाद में उलझी रही जबकि शव मौके पर ही पड़ा रहा क्षेत्राधिकार तय होने के बाद ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। इस घटनाक्रम ने पुलिस की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए। बुधवार सुबह भावाखेड़ा गांव के पास हाईवे किनारे माइनर में ग्रामीणों ने लकड़ी का एक संदिग्ध बक्सा देखा पास जाकर देखने पर उसके भीतर करीब 30 से 35 वर्षीय युवक का खून से लथपथ शव मिला सूचना मिलते ही दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन शव को कब्जे में लेने के बजाय काफी देर तक यह तय करने में लगी रही कि घटनास्थल किस थाने की सीमा में आता। करीब दो घंटे तक चले सीमा विवाद के बाद लेखपाल को बुलाकर राजस्व अभिलेखों के आधार पर नाप-जोख कराई गई नाप में घटनास्थल मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में पाया गया इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का माना जा रहा आशंका है कि युवक की हत्या कहीं अन्य स्थान पर करने के बाद शव को लकड़ी के बक्से में बंद कर देर रात किसी वाहन से लाकर माइनर में फेंका गया शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए, जबकि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही। देर शाम तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान कर रही।



### सवालों के घेरे में पुलिस की प्राथमिकता

हत्या जैसे गंभीर मामले में भी दो थानों की पुलिस का सीमा विवाद में उलझे रहना चर्चा का विषय बना रहा स्थानीय लोगों का कहना था कि ऐसे मामलों में पहली प्राथमिकता शव को कब्जे में लेकर साक्ष्य सुरक्षित करने और जांच शुरू करने की होनी चाहिए लेकिन पुलिस काफी देर तक अधिकार क्षेत्र तय करने में ही लगी रही। एसीपी मोहनलालगंज राजकुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टोल शुरू, सड़क धंसी: एक साल भी नहीं हुआ और राजमार्ग की गुणवत्ता पर सवाल

**अहमदाबाद कटौली के पास करीब 20 मीटर हिस्से में धंसी सड़क, हादसे का खतरा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ-हरदोई हाईवे को बने अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ, लेकिन रहीमाबाद क्षेत्र में सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। अहमदाबाद कटौली गांव के पास ओवरब्रिज-अंडरपास के ऊपर लखनऊ की ओर जाने वाली पटरी पर करीब 20 मीटर लंबाई में सड़क धंसकर टूटने लगी है। सड़क का एक हिस्सा करीब एक फीट तक नीचे धंस गया है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों के लिए हादसे का खतरा बना हुआ है। खास बात यह है कि इसी राजमार्ग पर रहीमाबाद के सहिजना गांव के पास दो सितंबर से टोल वसूली भी शुरू हो चुकी है। ऐसे में वाहन चालक टोल का भुगतान कर राजमार्ग पर सफर कर रहे हैं, लेकिन सड़क के धंसने से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि राजमार्ग निर्माण के दौरान किए गए बेहतर सड़क के दावे अब धरातल पर कमजोर पड़ते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी कई बार एनएचएआई अधिकारियों को दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि धंसे हुए हिस्से से गुजरते समय तेज रफ्तार वाहनों के असंतुलित होने की आशंका रहती है। रात के समय यह स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। ग्रामीणों ने एनएचएआई से सड़क के धंसने के कारणों की जांच कराने, निर्माण की गुणवत्ता की जांच करने और क्षतिग्रस्त हिस्से की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि टोल वसूली शुरू होने के बाद राजमार्ग की सुरक्षा और गुणवत्ता बनाए रखना विभाग की जिम्मेदारी है। इस संबंध में एनएचएआई के डीपीएम विकास जायसवाल से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।



टूटी पड़ी हाईवे की सड़क – फोटो

## बेतवा नाला की बाढ़ से फसलें बर्बाद, किसानों को मुआवजे की मांग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र में बीते दिनों हुई भारी बारिश के बाद बेतवा नाला में आई बाढ़ से कई गांवों के किसानों की फसलें बर्बाद हो गईं। फसलों में हुए नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने उपजिलाधिकारी मलिहाबाद के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम के स्टेनो देवेंद्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में हुई अत्यधिक बारिश के चलते बेतवा नाला अचानक उफान पर आ गया। नाले में आई बाढ़ का पानी आसपास के खेतों में भर गया, जिससे पहाड़पुर अटौरा, बराहिमपुर, कुंडरा कला, बदौरा शेरपुर, भौसा, बख्तियार नगर और कुकरा समेत आसपास के गांवों में किसानों के खेतों में खड़ी फसलें जलमग्न होकर बर्बाद हो गईं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। विनय प्रताप सिंह ने बताया कि किसानों की आजीविका खेती पर निर्भर है। ऐसे में बाढ़ से फसलों के बर्बाद होने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से प्रभावित गांवों में स्थलीय निरीक्षण कराकर फसलों में हुए नुकसान का सर्वे कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने शासन के नियमानुसार क्षतिग्रस्त फसलों का आकलन कराकर पात्र किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की, ताकि किसानों को राहत मिल सके।



## बस के अंदर लोहे के रॉड से गमछे के सहारे लटकता मिला कुक का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बुधवार सुबह एक निजी नर्सिंग कॉलेज की बस के अंदर कुक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से हरदोई जिले के संडीला में रहने वाले विनोद कुमार (45) सरोजनीनगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित जीएसआरएम नर्सिंग कॉलेज के हॉस्टल में कुक होने के साथ हॉस्टल के सर्वेंट क्वार्टर में रहते थे। बुधवार सुबह हॉस्टल के कंपाउंड में खड़ी कालेज की बस का चालक जब बस ले जाने के लिए उसके अंदर गया तो वहां का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। बस के अंदर लगे लोहे के रॉड से विनोद गमछे के सहारे मृत अवस्था में लटका था। यह दृश्य देख बस चालक ने आनन-फानन इसकी सूचना कॉलेज प्रशासन को दी। बाद में फैकल्टी द्वारा पुलिस और विनोद के घर वालों को घटना की जानकारी दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का पता चला है। लेकिन मृतक ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही। वहीं मृतक के परिवार में उसकी पत्नी शानू के अलावा एक बेटा ऋषभ है। बेटे ऋषभ के मुताबिक उसके पिता की सरोजनीनगर में रहने वाली एक महिला से कुछ समय से ज्यादा नजदीकियां थीं। जिसके चलते विनोद अपने घर नहीं जाता और करीब एक माह से उसने घरवालों से कोई बात भी नहीं की थी। मृतक के बेटे ने उक्त महिला पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

# बीएसएस में ई-वेस्ट संगोष्ठी संपन्न

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (बीएसएस) में गेल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय ई-वेस्ट प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी का बुधवार को समापन हो गया समापन अवसर पर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को ई-वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया तकनीकी सत्र में रेबिस ग्राफीन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के भारत प्रमुख इंजीनियर के.एन.शर्मा ने ई-वेस्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन और पुनर्चक्रण की जानकारी दी वहीं डॉ.सौरभ दीक्षित ने तकनीकी विकास के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी निभाने और सतत विकास के लिए जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया उन्होंने विद्यार्थियों से इलेक्ट्रॉनिक कचरे को सामान्य कूड़े में न फेंककर अधिकृत पुनर्चक्रण केंद्रों के माध्यम से निस्तारित करने की अपील की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. तरुण शेखर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) बी.सी. यादव मौजूद रहे चेयरपर्सन श्रीमती रीना सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता महानिदेशक डॉ. के.के. सिंह डायरेक्टर डॉ.आलोक कुमार शुक्ला एवं डॉ. अरुण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से ई-वेस्ट कम करने पुनः उपयोग और जिम्मेदारीपूर्वक पुनर्चक्रण अपनाने का आह्वान किया इस दौरान महासचिव श्रीमती बीना सिंह सहित संस्थान के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




# बंदर के धक्के से दो मंजिल छत से गिरी छात्रा, लगी चोट, हाथ पैर फैक्चर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दो मंजिल छत पर परिवार के कपड़े सुखाने गई छात्रा को अचानक पीछे से आए एक बंदर ने धक्का दे दिया। जिससे छात्रा छत से नीचे जा गिरी और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वही में वही पास में खड़ी उसकी मम्मी ने डंडे से बंदर को खदेड़ा और झटपट जीने से उतरकर बेटी को उठाकर आनन फानन नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तरौना निवासी बबलू की 12 वर्षीय बेटी नैना बुधवार शाम करीब 5 बजे दो मंजिल छत के ऊपर अपनी मम्मी नीलम के साथ कपड़े सुखाने गई थी। तभी नैना परिवार के कपड़े एक बंधी रस्सी पर डाल रही थी। तभी अचानक दूसरी छत से आए एक बंदर ने पीछे से उसे धक्का मार दिया। जिससे वह दो मंजिल नीचे घर के बाहर बनी फर्श पर जा गिरी। चिल्लाने की आवाज सुनकर मम्मी दौड़ी तो देखा कि एक बंदर वहीं खड़ा था इतने में उसने डंडा लेकर बंदर को खदेड़ा झटपट जीने के रास्ते से नीचे उतरकर बेटी को उठाया बेटी के सिर से खून बह रहा है। इतने में आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। परिजनों ने तुरंत उसे रहीमाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि नैना का हाथ और पैर फ्रैक्चर हो गया है। और सिर में भी गंभीर चोट पहुंची है। घायल नैना घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर मुंशी खेड़ा में स्थित जूनियर हाई स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा है। छात्रा के परिवार में दो बहने पूनम, अर्चना और एक भाई श्रीशांत है। बंदरों के आतंक से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बंदर अक्सर छतों और घरों में रखी सामग्रियों और कपड़ों को आए दिन नष्ट करते रहते हैं। जिससे ग्रामीण काफी परेशान है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द बंदर पकड़वाने की मांग की है।



अस्पताल में भर्ती घायल नैना

# सरिया युक्त पिलरों के विरोध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू के नेतृत्व में स्थानीय लोग बैठे धरने पर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में स्कूटर इंडिया-पिपरसंड रोड पर अशोक लीलैंड प्लांट की बाउंड्री के पास बनाए जा रहे सरिया युक्त पिलरों के विरोध में बुधवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह ह्यबबलूह्व के नेतृत्व में स्थानीय लोग धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने अशोक लीलैंड के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए सड़क की जमीन पर अवैध अतिक्रमण का आरोप लगाया। धरने की सूचना पाकर पहुंचे सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने उन्हें काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह कुछ भी मानने को तैयार नहीं हुए। बाद में पुलिस ने अशोक लीलैंड अधिकारियों से संपर्क किया तो पता चला कि यह कार्य उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा सौंद्रीयकरण को लेकर किया जा रहा है।बाद में एसीपी कृष्णा नगर अभिषेक कुमार पांडेय पहुंचे और उन्होंने धरना दे रहे लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन फिर भी धरना दे रहे लोग मानने को तैयार नहीं हुए। उनका आरोप था कि अशोक लीलैंड ने पहले ही सड़क किनारे बने नाले को पाटकर बाउंड्रीवाल आगे बढ़ा ली है। अब बची जगह पर पिलर लगाकर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। इससे सड़क संकरी होने पर लोगों के आवागमन में परेशानी होगी। बाद में पुलिस ने यूपीसीडा के अधिकारियों को बुलाया। मौके पर पहुंचे यूपीसीडा के सहायक अभियंता जावेद खान और आदित्य ने बताया कि पिलर लगाने का कार्य सड़क के सौंदर्यीकरण के लिए कराया जा रहा है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग से एनओसी भी ली जा चुकी है।लेकिन प्रदर्शन कर रहे लोग उनकी इस बात से संतुष्ट नहीं हुए। उनका कहना है कि सौंदर्यीकरण के नाम पर रास्ता और संकरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक यह कार्य रोका नहीं जाता, तब तक वह यहीं डटे रहेंगे। हालाकि बाद में यूपीसीडा अधिकारियों से वार्ता कर एसीपी ने मामले के बिना उचित निर्णय तक निर्माण कार्य ठप रखने का आश्वासन दिया। जिसके बाद प्रदर्शन कर रहे लोगों ने धरना समाप्त किया। वहीं धरने का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू ने बताया कि वह किसी भी कीमत पर सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण नहीं होने देंगे।इसके लिए चाहे जितना बड़ा आंदोलन करना पड़े। उन्होंने कहा कि इसको लेकर शुक्रवार को वह जिलाधिकारी से भी मिलेंगे।



## जमीन पर बैठने को मजबूर आंगनबाड़ी के नौनिहाल



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज: विकासखंड क्षेत्र के मस्तीपुर स्थित आंगनबाड़ी सेंटर सेकेंड में बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था न होने से उन्हें जमीन पर बैठाया जा रहा बरसात के मौसम में नमी गंदगी और जहरीले कीड़े-मकोड़ों के खतरे के बीच यह स्थिति अभिभावकों की चिंता बढ़ा रही ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र पर दरी चटाई या कुर्सियों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है, लेकिन लंबे समय से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद्मा कुमारी ने भी स्वीकार किया कि संसाधनों के अभाव में बच्चों को जमीन पर बैठाना मजबूरी है और उन्होंने विभाग से आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की ग्रामीणों ने अधिकारियों से केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की।

## गोसाईगंज में फिर बाइक चोरी, सीसीटीवी फुटेज से खुलेगा राज

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। कार्यालय से घर लौटे युवक की बाइक अमेठी रामबाग मोड़ से चोरी हो गई। युवक ने बाइक कुछ देर के लिए खड़ी की थी। वापस लौटने पर बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर उसने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद पीड़ित को थाने में लिखित तहरीर देने के लिए कहा। बाराबंकी जिले के इलियासपुर निवासी अभिराम कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद ने बताया कि वह 15 सितंबर की रात करीब 8:15 से 9 बजे के बीच अमेठी रामबाग मोड़ पहुंचा था। उसने अपनी लाल रंग की पल्सर 125 सीसी बाइक (वढ41 अ 0459) वहां खड़ी की थी। कुछ देर बाद वापस लौटा तो बाइक मौके से गायब थी। अभिराम ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उसने डायल 112 पर सूचना दी। रात करीब 9:16 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने पीड़ित से थाने में लिखित तहरीर देने को कहा।सीसीटीवी फुटेज से सुराग तलाश रही पुलिस इंस्पेक्टर गोसाईगंज दिलीश कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल और आसपास लगे उउळश कैमरों की फुटेज चेक कराई जा रही है। फुटेज के आधार पर बाइक चोरी करने वाले के बारे में सुराग जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षेप

### किसान की गिरी पक्की दीवार पड़ोसी पर जल भराव करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। एक किसान की पक्की दीवार टिन शेड समेत भरभराकर गिर गई पीड़ित ने पड़ोसी ग्रामीण पर पानी बांधने के कारण हुए जलभराव में दीवार गिरने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी से कार्यवाही की मांग की है। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी संतराम पुत्र मुन्नीलाल ने उपजिलाधिकारी बांगरमऊ को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसके घर के सामने पशु बांधने के लिए करीब 30 फिट लंबी व 12 फिट ऊंचाई की पक्की दीवार बनाई जिसपर टीनशेड रखकर अपने पालतू पशु बांध रहा था किंतु पड़ोसी घर स्वामी ने घर से निकलने वाले पानी को बांध दिया जिससे हुए जलभराव में उसकी दीवार गिर गई साथ ही दीवार गिरने से उसकी एक पालतू भैंस भी नीचे दबकर चोटिल हो गई।जिसकी शिकायत करने पर पड़ोसी जानमाल की धमकी दे रहा है।

### गंगा नदी में डूबे अधेड़ का राहत दल ने निकाला शव

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। मंगलवार को हिंदूपुर पुलिया के पास गंगा में डूबे व्यक्ति का शव बुधवार को बाढ़ राहत दल ने करीब पचास मीटर के दायरे में खोज निकाला। शव मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार को गुरुदीन खेड़ा निवासी पप्पू सिंह हिंदूपुर पुलिया के निकट गंगा की उप धारा में डूब गया था। जिसे खोजने के लिए गोताखोरों और बाढ़ राहत दल को बुलाया गया था। गोताखोरों और टीम ने मंगलवार को काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। बुधवार को फिर खोजबीन शुरू हुई काफी खोजबीन के बाद पप्पू सिंह का शव मिल गया। पप्पू सिंह बोरिंग और मजदूरी का काम करके जीवन यापन करता था।

### बाढ़ के पानी में बहकर आया अज्ञात युवक का सड़ा गला शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज बाढ़ के पानी में बह कर आए सड़े गले अज्ञात शव को पहचान के लिए पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखवाया है।

क्षेत्र के ग्राम छडउवाखेडा निकट मौराही नदी किनारे अज्ञात युवक का सड़ा गला शव पाया गया। ग्रामीणों के अनुसार नदी के किनारे एक युवक का शव कई दिनों से बाढ़ के पानी में पड़ा देखा जा रहा था पानी कम होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। एसएसआई डीके यादव मौके पर पहुंचे और शव कि शिनाख्त का प्रयास किया। बाहरी होने से उसकी पहचान नहीं हो सकी। ग्रामीणों के अनुसार शव कई दिन का पुराना व सड़ गल गया है उसमें कीड़े भी पड़े है। बाढ़ के पानी मे शव बह कर आने की आशंका है। पुलिस ने शव के शिनाख्त कराने के लिए सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्रकार से प्रयास करना बता रही है।

# अस्पताल में अग्निशमन व्यवस्था पर सवाल ,कर्मचारी की नही है तैनाती, पाइपलाइन बनी शोपीस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया परिसर में आग से बचाव के लिए लगाई गई अग्निशमन पाइपलाइन व्यवस्था सवालों के घेरे में है। अस्पताल परिसर में अग्निशमन उपकरण और पाइपलाइन तो नजर आती है, लेकिन आपात स्थिति में इनके संचालन और निगरानी के लिए समर्पित कर्मचारी की तैनाती नहीं होने से व्यवस्था महज दिखावा बनकर रह गई है।

अस्पताल जैसे संवेदनशील परिसर में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज, तीमारदार, चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहते हैं। ऐसे में आग लगने की स्थिति में शुरूआती स्तर पर आग पर काबू पाना बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके बावजूद अग्निशमन व्यवस्था के संचालन के लिए प्रशिक्षित या



जिम्मेदार कर्मचारी की उपलब्धता न होना गंभीर चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में आग जैसी आपात स्थिति उत्पन्न होने पर शुरूआती कुछ मिनट बेहद अहम होते हैं। यदि अग्निशमन पाइपलाइन और उपकरण समय पर संचालित नहीं किए जा सके तो छोटी घटना भी बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है। अस्पताल में ऑक्सीजन, बिजली के उपकरण और अन्य ज्वलनशील सामग्री की मौजूदगी के कारण आग लगने की स्थिति में जोखिम और बढ़ सकता है।अस्पताल परिसर में लगी पाइपलाइन की नियमित जांच, पानी की उपलब्धता, उपकरणों की कार्यशीलता और आपातकालीन संचालन की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि संबंधित विभाग अग्निशमन व्यवस्था का मौके पर निरीक्षण कर उपकरणों की स्थिति की जांच कराए और आपात स्थिति के लिए जिम्मेदार कर्मचारी की तैनाती सुनिश्चित करे। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से अग्निशमन व्यवस्था को केवल कागजों और परिसर में लगी पाइपलाइन तक सीमित न रखते हुए उसे पूरी तरह क्रियाशील कराने की मांग की है, ताकि किसी संभावित हादसे की स्थिति में समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। सबसे बड़ी बात तो यह है कि यहां पर पाइपलाइन के साथ साथ अग्निशमन यंत्र पर्याप्त मात्रा में लगे हैं लेकिन धन खर्च के बाद भी शो पीस बनकर रह गए हैं।

सीएचसी अधीक्षक डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया मैं यहां दो वर्षों से कार्यरत हूँ इस समयांतराल में अग्निशमन लाइन में कोई कार्य नही हुआ है और न ही इसके लिए कोई अलग से कर्मचारी की तैनाती भी नही है। कौन एजेंशी काम कर रही है जानकारी नही है।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन ने तेज की तैयारियाँ

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गणेश शोभायात्रा के समापन के बाद कल्याणी नदी तट पर होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चन्द पांडेय ने पुलिस टीम के साथ कल्याणी नदी तट पर पहुंचकर विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित कर्मियों को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

गौरतलब है कि आगामी 20 सितंबर को नगर में गणेश शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।उसी दिन कल्याणी नदी तट पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन होगा।इसी के मद्देनजर आज



कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय ने कल्याणी नदी विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को सही कराया है। उन्होंने बताया घाट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ताकि गणेश विसर्जन के दौरान किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए गोताखोरों और पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

कोतवाली प्रभारी ने सभी पूजा समितियों और श्रद्धालुओं से शांतिपूर्वक और नियमों के तहत विसर्जन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने वालों पर सख्त नजर रखी जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे गहरे पानी में न जाएं और प्रशासन द्वारा तय किए गए स्थानों पर ही मूर्ति विसर्जन करें। गणेश शोभा यात्रा के दिन कल्याणी नदी के मुख्य रास्तों पर ट्रैफिक रूट डायवर्जन भी किया गया है। ताकि विसर्जन यात्रा के दौरान नगर में जाम की स्थिति न बने।

# 80 किलोग्राम मास्टर बाड़ी वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर जनपद का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। दिल्ली में आयोजित नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में नगर के मोहल्ला गोंडा टोला निवासी जिम संचालक मेराज खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 किलोग्राम मास्टर बॉडी वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर नगर व जनपद ही नही, बल्कि प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में मेराज खान ने अपने दमदार प्रदर्शन के साथ सर्वाधिक भार उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। चेन्नई के इसराइल ने दूसरा तथा मणिपुर के अश्वनी कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने स्क्वाट, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट जैसी पावर लिफ्टिंग स्पधाओं में अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक जीतने के बाद राज खान के नगर पहुंचने पर समर्थकों और खेल प्रेमियों



ने उनका जोरदार स्वागत किया। लोगों ने फूल-मालाओं से अभिनंदन कर बधाई दी। समर्थकों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। मेराज खान ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अभ्यास, अनुशासन और कठिन प्रशिक्षण को दिया। उनकी उपलब्धि से स्थानीय खिलाड़ियों में भी उत्साह का माहौल है।

# जनगणना-2027 की तैयारी तेज, 7 हजार ब्लॉक में लगेंगे 8 हजार कर्मचारी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी और जनगणना के 25 चार्ज अधिकारी शामिल हुए।एडीएम सुशील कुमार गोंड ने बताया कि शासन के निर्देश पर यह बैठक दूसरे चरण की ट्रेनिंग और तैयारियों के लिए बुलाई गई थी। इसमें शासन स्तर से डिप्टी डायरेक्टर सेंसस ने अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। एडीएम ने बताया कि जिले में जनगणना के लिए कुल 25 चार्ज बनाए गए हैं, जिनमें 6 तहसील और 19 नगर निकाय शामिल हैं। 16 से 30 नवंबर तकः लोग खुद अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे (स्व-गणना)

1 दिसंबर से 5 जनवरी तकः घर-घर जाकर जनगणना

5 से 9 जनवरी तकः रिवीजनल राउंड

जिले में करीब 7 हजार गणना ब्लॉक बनाए जा रहे हैं और लगभग 8 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगेगी। इन कर्मचारियों को अक्टूबर-नवंबर में ट्रेनिंग दी जाएगी जनगणना के दौरान हर व्यक्ति से करीब 40 तरह की





जानकारी जैसे नाम, लिंग, व्यवसाय, शिक्षा आदि ली जाएगी। हर परिवार के सदस्य की जानकारी अलग-अलग दर्ज होगी।

एडीएम ने स्पष्ट किया कि जनगणना के लिए किसी भी तरह के दस्तावेज या प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं होगी। गणनाकर्मी कोई कागज नहीं मांगेंगे, व्यक्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही दर्ज किया जाएगा।

लोगों को जागरूक करने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और बैनर-पोस्टर के जरिए बड़े पैमाने पर प्रचार किया जाएगा।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा अभी तक नहीं हुई लागू, मानदेय बढ़ाने की उठी पुरजोर मांग

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर और क्षेत्र के विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को अभी तक मुख्यमंत्री द्वारा की गई मानदेय वृद्धि की घोषणा का लाभ नहीं मिल सका है। प्रशासनिक सुस्ती और औपचारिकताओं के फेर में फंसी इस घोषणा के धरातल पर न उतरने से कर्मचारियों में मायूसी का माहौल है। मानदेय वृद्धि का बेसब्री से इंतजार कर रहे इन कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र आदेश जारी कर इसे लागू करने की मांग की है।विभिन्न सरकारी कार्यालयों, तहसीलों, स्वास्थ्य केंद्रों और नगर पालिका स्तर पर सेवाएं दे रहे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का कहना है कि महंगाई के इस दौर में वर्तमान मानदेय उनके और उनके परिवार के भरण-पोषण के लिए नाकाफी साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री स्तर से मानदेय बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद से कर्मचारियों में एक नई उम्मीद जगी थी कि अब उनकी आर्थिक तंगी कुछ हद तक दूर होगी, लेकिन घोषणा के बावजूद भी जमीनी स्तर पर कोई बदलाव नहीं आया है। ?कर्मचारियों ने दर्द साझा करते हुए बताया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें न्यूनतम वेतन से भी कम मानदेय मिल रहा है। समय पर मानदेय न मिलने और बढ़ी हुई दरों का लाभ न मिलने से बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है।बांगरमऊ क्षेत्र के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने एक स्वर में मांग की है कि ?मुख्यमंत्री की घोषणा के आदेश तत्काल प्रभाव से जमीनी स्तर पर लागू किए जाएं।

# बीएसए के औचक निरीक्षण से स्कूलों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बुधवार सुबह बीएसए शैलेश कुमार पाण्डेय ने नवाबगंज ब्लॉक के पांच विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। बीएसए के अचानक पहुंचने से विद्यालयों में खलबली मच गई। निरीक्षण की सूचना मिलते ही ब्लॉक के अन्य विद्यालयों के शिक्षकों में भी फोन पर बीएसए के अगले संभावित ठिकाने को लेकर चर्चा होती रही। बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय दुन्दपुर, प्राथमिक विद्यालय खजूर, कंपोजिट विद्यालय परसंदन, कंपोजिट विद्यालय पिडहरी और प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण कार्य और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों के शैक्षिक स्तर की भी जांच की गई। बीएसए ने रजिस्टर और अभिलेखों की जांच के साथ ही कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से सीधे संवाद किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई से



जुड़े सवाल पूछे और उनके पढ़ने-लिखने तथा विषय संबंधी ज्ञान का स्तर परखा। बच्चों की प्रगति को निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार जांचा गया। बीएसए ने शिक्षकों को बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान दुंदपुर विद्यालय गेट पर ग्रामीण ने अपनी भैंसें बांध रखी थीं। इसकी जानकारी होने पर बीएसए ने तत्काल भैंस को हटवाया। बीएसए के निर्देश के बाद ग्रामीण ने भैंसों को वहां से खोल दिया और विद्यालय परिसर की जमीन को कब्जे से मुक्त कराया गया। बीएसए ने ग्रामीण को चेतावनी दी कि भविष्य में विद्यालय की जमीन पर दोबारा अतिक्रमण मिला तो संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ाहरी विद्यालय की प्रधान शिक्षिका गवारा पांच हजार रुपये अपने खाते में लिये जाने का कोई ब्यौरा नही दिख पाई। निरीक्षण की जानकारी ब्लॉक के अन्य विद्यालयों में भी पहुंचती रही। शिक्षक फोन पर एक-दूसरे से निरीक्षण की जानकारी लेते रहे। अधिकारियों के लगातार औचक निरीक्षण से विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति और परिसर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को लेकर सतर्कता बढ़ी है।

### बेहतर शिक्षा और सुविधाएं प्राथमिकता

बीएसए शैलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति देखी जा रही है। कमियों को दूर कराने के साथ बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार और निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# शिक्षिका को मिली राहत हाई कोर्ट ने सुनाया एक महत्वपूर्ण फैसला

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उन्नाव के विकास खंड सुमेरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर कम्पोजित की व्यायाम शिक्षिका निशा सिंह तोमर के मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने याचिका संख्या 8888/ 2026 पर सुनवाई करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) उन्नाव द्वारा 21 अगस्त 2026 को जारी उस दंडात्मक आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसके तहत शिक्षिका को परिनिंदा प्रविष्टि देते हुए उनका स्थानांतरण कर दिया गया था।जून 2026 में विद्यालय की





उपस्थिति पंजिका में कूट-रचना और फर्जी हस्ताक्षर को लेकर विवाद शुरू हुआ था। आरोप है कि प्रधान शिक्षक द्वारा उपस्थिति पंजिका छिपाने व फर्जी हस्ताक्षर के साक्ष्य मिलने के बावजूद शिक्षिका निशा सिंह तोमर को निशाना बनाया गया। मामले में दो जांच अधिकारियों (खंड शिक्षा अधिकारी बिछिया व बीघापुर) को नामित किया गया, परंतु जांच की कोई भी आख्या शिक्षिका को उपलब्ध नहीं कराई गई और न ही उनका पक्ष सुना गया। इसके बाद 21 अगस्त 2026 को बीएसए उन्नाव ने आदेश जारी कर शिक्षिका को सवेतन बहाल तो किया, परंतु वर्ष 2026-27 के लिए परिनिंदा प्रविष्टि देकर प्राथमिक विद्यालय मवैया नवीन स्थानांतरित कर दिया।

बीएसए की इस एकतरफा दंडात्मक कार्रवाई के खिलाफ शिक्षिका ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता एच.जी.एस. परिहार और मीनाक्षी सिंह परिहार ने अदालत में सिद्ध किया कि जिस जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई, वह शिक्षिका को कभी सौंपी ही नहीं गई। सुनवाई के दौरान विभाग के अधिवक्ता अभिनव सिंह ने भी कोर्ट में यह स्वीकार किया कि जांच रिपोर्ट याचिकाकर्ता को उपलब्ध नहीं कराई गई थी।

14 सितंबर 2026 को फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने 21 अगस्त 2026 के विवादित आदेश को निरस्त कर दिया और याचिका स्वीकार कर ली। हालांकि, कोर्ट ने विभाग को यह छूट दी है कि यदि वे चाहें तो नियमानुसार नई प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं, लेकिन उससे पहले शिक्षिका को सभी संबंधित दस्तावेज व जांच रिपोर्ट उपलब्ध करानी होगी और सुनवाई का पूरा अवसर देना होगा।

# गणपति बप्पा के जयघोष से गूंजा बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में चल रहे छह दिवसीय गणेश महोत्सव में आस्था और भक्ति का रंग लगातार गहराता जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार रात सिद्धिविनायक गणपति के जयघोष से पूरा पार्क भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

पार्क में प्रतिष्ठित सिद्धिविनायक गणपति की नगर पंचायत अध्यक्ष गरिमा बाजपेयी के पति सौरभ बाजपेयी ह्यराजा बेटाह्न ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर लोक जनकल्याण, क्षेत्र की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान गूंजते गणपति बप्पा के जयकारों से माहौल पूरी तरह भक्तिरस में सराबोर हो गया। देर रात तक श्रद्धालुओं का आयोजन स्थल पर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

गणेश महोत्सव के तीसरे दिन



बुधवार सुबह पत्रकार बंधुओं ने भी आयोजन स्थल पहुंचकर भगवान गजानन की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। गणपति बप्पा के समक्ष शीश नवाकर पत्रकारों ने क्षेत्र में शांति, समृद्धि, सुख-शांति एवं लोक कल्याण की मंगलकामना की। पूजा-अर्चना के दौरान आयोजन स्थल पर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम आयोजक रामसजीवन विमल ने बताया कि सफीपुर में गणेश महोत्सव की यह धार्मिक परंपरा करीब 18 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। इसकी शुरूआत उन्होंने अपने भाई दीपक विमल के साथ मिलकर की थी। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा अब कस्बे में आस्था और श्रद्धा के प्रमुख आयोजनों में शामिल हो चुकी है। प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु गणपति के दर्शन एवं पूजन के लिए पहुंचते हैं। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, सोनू श्रीवास्तव, राजू सिंह चौहान कार्यक्रम आयोजक रामसजीवन विमल, दीपक विमल सहित पत्रकार बंधु एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# घर से लापता युवक का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के जगदीशखेड़ा गांव में मंगलवार दोपहर से लापता 23 वर्षीय युवक का शव बुधवार सुबह गांव के बाहर आम के पेड़ से रस्सी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मोबाइल फोन की डिटेल के जरिए भी घटना से जुड़ी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।सफीपुर ग्रामीण के मजरे जगदीशखेड़ा गांव निवासी मिट्ठूलाल का 23 वर्षीय पुत्र सूरज मंगलवार दोपहर खाना खाने के बाद घर से निकला था। देर रात तक उसके वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बुधवार सुबह उसका बड़ा भाई काशी प्रसाद गांव के बाहर खेतों की ओर गया था। इसी दौरान गांव निवासी अजय पाल के बाग में आम के पेड़ से रस्सी के फंदे से लटका सूरज का शव दिखाई दिया। शव देखते ही काशी प्रसाद ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।सूरज मजदूरी करने के साथ ही पिता के साथ खेती के काम में हाथ बंटाता था। वह चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई काशी प्रसाद विवाहित है और अपने परिवार के साथ रहता है, जबकि उससे छोटा भाई मायाराम गैर प्रांत में रहकर मजदूरी करता है।मृतक की मां मिठाना ने बताया कि सूरज को किसी तरह की परेशानी नहीं थी और वह सामान्य था। मंगलवार को भी वह रोज की तरह घर से निकला था और कुछ समय मोहल्ले में ही रहा।इसके बाद शाम को वह कहां चला गया, इसकी जानकारी नहीं हो सकी। उसने यह कदम क्यों उठाया, इसकी वजह परिजन भी नहीं समझ पा रहे हैं।कोतवाल संदीप मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। परिजन फिलहाल मौत का कोई स्पष्ट कारण नहीं बता सके हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला तकिया में नशीला पदार्थ खिलाकर युवती से प्लॉट का बैनामा करा लिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





मोहल्ला तकिया निवासी नीति वाजपेई पुत्री रामकिशोर बाजपेई कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने घर पर ब्यूटी पार्लर चलाती है। घर की देखभाल के लिए उसने क्षेत्र के ग्राम गोशा प्रयागपुर निवासी मोनिका पांडेय को रखा था। आरोप है कि मोनिका के परिजन भुवनेश, बृजेश, व राधा आदि का उसके घर आना-जाना था। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान उसे गलत दवाइयां खिलाई गईं। जिससे उसकी तबीयत लगातार खराब होती गई। पीड़िता के अनुसार बीते तीन अगस्त को मोनिका के परिवार के साथ गोशा प्रयाग निवासी हरिप्रकाश पुत्र रामगुलाम उसके घर आया और जमीन का बैनामा कराने की बात कहते हुए गवाही के लिए तहसील चलने को कहा। आरोप है कि वहां जाने से पहले मोनिका ने उसे चाय बनाकर पिलाई। चाय का स्वाद खराब लगने पर उसने आपत्ति भी जताई।लेकिन इसके बावजूद उसे तहसील ले जाया गया। तहसील पहुंचने पर उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह बेहोश होने लगी। बाद में उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ ले जाया गया। पीड़िता के मुताबिक गत सात सितंबर को उसकी बहनें उसके प्लॉट की सफाई करने पहुंचीं तो मोनिका ने प्लॉट को अपना बताते हुए वहां सफाई करने से रोक दिया। इसके बाद उसे कथित तौर पर अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सम्पादकीय

# धरती के लिए खतरा बढ़ा रही अंतरिक्ष में हथियारों की आहट

अमेरिका ने पहली बार सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका, रूस और चीन के बीच अंतरिक्ष में रणनीतिक बढ़त हासिल करने की होड़ लगातार तेज हो रही है। सवाल इसलिए केवल यह नहीं है कि अमेरिका ने अंतरिक्ष में कौन से हथियार तैनात किए हैं, बल्कि यह भी है कि इस खुलासे का समय क्या संकेत देता है? क्या यह ईरान और पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रम से दुनिया का ध्यान हटाने की कोशिश है या फिर अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ के एक नए दौर का सार्वजनिक ऐलान? अमेरिकी अधिकारी ने यह तो कहा कि ऑर्बिट में मौजूद हथियार जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों और अंतरिक्ष प्रणालियों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं, लेकिन यह नहीं बताया कि ये हथियार किस प्रकार के हैं, कितने हैं और इन्हें कब अंतरिक्ष में भेजा गया। यही गोपनीयता इस पूरे घटनाक्रम को और गंभीर बनाती है। आज के युद्ध में सैटेलाइट किसी देश की आंख, कान और संचार व्यवस्था की रीढ़ बन चुके हैं। सेना इनके जरिए संपर्क बनाए रखती है, दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखती है, मिसाइलों की चेतावनी हासिल करती है और अपने सैनिकों तथा हथियारों की स्थिति का पता लगाती है। इसलिए अंतरिक्ष पर नियंत्रण का अर्थ धीरे-धीरे युद्ध के मैदान पर बढ़त हासिल करने से जुड़ता जा रहा है। अमेरिका लंबे समय से रूस और चीन की अंतरिक्ष सैन्य क्षमताओं को लेकर चिंता जताता रहा है। रूस के अंतरिक्ष में परमाणु क्षमता विकसित करने की आशंकाओं को लेकर भी अमेरिका चिंता जाहिर करता रहा है, हालांकि मॉस्को इन आरोपों से इनकार करता है। दूसरी ओर, चीन भी अपनी सैन्य आधुनिकीकरण नीति के तहत अंतरिक्ष और एंटी-सैटेलाइट तकनीक में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अमेरिका का यह कहना कि उसके पास भी ऑर्बिट में हथियार मौजूद हैं, सुरक्षा की मजबूरी के रूप में पेश किया जा सकता है। समस्या यह है कि एक देश की सुरक्षा दूसरे देश के लिए खतरा बन सकती है। परिणाम वही होगा जो दुनिया ने परमाणु हथियारों की होड़ में देखा। सुरक्षा के नाम पर शुरू हुई प्रतिस्पर्धा धीरे-धीरे असुरक्षा को बढ़ाती चली गई। इस घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू यही है कि अंतरिक्ष अब केवल वैज्ञानिक अनुसंधान, संचार और मानव प्रगति का क्षेत्र नहीं रह गया है। वह तेजी से सैन्य रणनीति का नया मोर्चा बन रहा है। यदि किसी बड़े संघर्ष में सैटेलाइटों को निशाना बनाया गया तो उसका असर केवल सैनिक अभियानों तक सीमित नहीं रहेगा। नेविगेशन, विमानन, समुद्री परिवहन, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, दूरसंचार और वित्तीय सेवाओं तक पर असर पड़ सकता है। अंतरिक्ष में मुठभेड़ हुई तो उसकी कीमत धरती पर आम आदमी चुका सकता है। यहीं 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी की प्रासंगिकता सामने आती है। इस संधि ने पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों और सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों की तैनाती पर रोक लगाई थी। लेकिन इसमें पारंपरिक हथियारों के अंतरिक्ष में इस्तेमाल पर वैसी स्पष्ट और व्यापक रोक नहीं है। अमेरिका का ताजा खुलासा इसलिए दुनिया के लिए चेतावनी है कि अंतरिक्ष को युद्ध का नया मैदान बनने से रोकने के लिए मौजूदा अंतरराष्ट्रीय नियम पर्याप्त नहीं हैं। दुनिया को अब यह तय करना होगा कि अंतरिक्ष में कौन-सी सैन्य गतिविधियां स्वीकार्य होंगी और कौन-सी नहीं।



**पश्चिम एशिया संकट**

अखिलेश आर्यन्दु

# ऊर्जा जरूरत और अर्थव्यवस्था पर असर

> तेल की कीमत 100 डालर के पार पहुंच गई है, जिसका असर दुनियाभर में साफ-साफ दिखाई दे रहा है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए इसका अर्थ है-ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती, रुपये पर दबाव, महंगाई का जोखिम और आयात बिल में वृद्धि। जैसे-जैसे सैन्य तनाव बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। सवाल खड़ा किया जा रहा है कि क्या भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा सुरक्षा इतनी अधिक आयातित तेल पर निर्भर रह सकती है? पश्चिम एशिया में संघर्ष और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर व्यवधान ने तेल की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। भारत के लिए यह चिंता इसलिए बड़ी है क्योंकि देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है।

पश्चिम एशिया संकट सुलझता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिका पीछे हटने को तैयार नहीं है और न ईरान ही। ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध रूस-यूक्रेन जैसा लम्बा खिंचेगा। तेल की कीमत 100 डालर के पार पहुंच गई है, जिसका असर दुनियाभर में साफ-साफ दिखाई दे रहा है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए इसका अर्थ है-ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती, रुपये पर दबाव, महंगाई का जोखिम और आयात बिल में वृद्धि। जैसे-जैसे सैन्य तनाव बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं।

सवाल खड़ा किया जा रहा है कि क्या भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा सुरक्षा इतनी अधिक आयातित तेल पर निर्भर रह सकती है? पश्चिम एशिया में संघर्ष और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर व्यवधान ने तेल की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। भारत के लिए यह चिंता इसलिए बड़ी है क्योंकि देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत में हर उछाल भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती लेकर आता है। तेल केवल पेट्रोल पंप पर बिकने वाला ईंधन नहीं है, इसका संबंध अर्थव्यवस्था के तकरीबन हर क्षेत्र से है। परिवहन, कृषि, विमानन, पेट्रोकेमिकल उद्योग में कच्चे तेल से बनने वाले उत्पादों का इस्तेमाल होता है। प्लास्टिक, रसायन, सिंथेटिक फाइबर और अनेक औद्योगिक वस्तुओं की लागत भी ऊर्जा कीमतों से जुड़ी होती है। इसलिए कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का असर धीरे-धीरे ही सही, हर क्षेत्र में दिखाई देता है। सबसे पहले आयात बिल बढ़ता है। इसके बाद डालर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव बढ़ जाता है। रुपया लगातार प्रतिदिन गिर रहा है। रुपया कमजोर होने पर भारत में आयातित तेल और महंगा हो जाता है। यानी भारत के सामने दोहरा दबाव पैदा हो जाता है- अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा और डालर के मुकाबले रुपया कमजोर। रुपया कमजोर होने का मतलब डालर की मांग बढ़ना और आयात की हुई हर वस्तु की कीमत अधिक चुकता करना। महंगाई बढ़ने की बड़ी वजह रुपये का लगातार कमजोर होते जाना है। इसलिए एशिया संकट जितनी जल्दी खत्म होगा, भारत के लिए उतना ही अच्छा होगा। पश्चिम एशिया में तेल की कीमतों का लगातार बढ़ते जाने के बावजूद भारत में उस तरह की महंगाई का दौर नहीं आया, जैसे दुनिया के दूसरे देशों में देखने में आया और अभी भी बना हुआ है। सवाल यह है कि तेल के दाम बढ़ते जाने के असर से भारत में वस्तुओं के दाम स्थिर बनाए रखना क्या हर स्थिति में संभव होगा? अर्थशास्त्रियों के अनुसार दुनिया में तेल संकट के बाद भी भारत में महंगाई उस दर से नहीं बढ़ी, जैसे भारत के पड़ोसी देशों में बढ़ी। इसकी वजह है भारत के पास दुनिया की बड़ी रिफाइनिंग क्षमता वाला सुरक्षा कवच का होना। इस सुरक्षा कवच के कारण कच्चा तेल आयात करके उसे पेट्रोल, डीजल, विमानन ईंधन और दूसरे पेट्रोलियम उत्पाद में बदल सकता है। दूसरी बात, भारत ने रूस सहित अलग-अलग देशों से तेल खरीदकर पिछले वर्षों में अपने आयात स्रोतों को भी विधिवत बनाया है, लेकिन यह सुरक्षा कवच बहुत लम्बे समय तक सुरक्षा नहीं दे सकता है। यदि तेल आयात पूरी तरह ठप हो जाए तो भारत के सामने ऊर्जा के दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसलिए



अभी से ही विकल्पों को दुरुस्त करना होगा। सवाल यह है कि क्या रूस पर निर्भरता ऊर्जा समस्या का समाधान है या असली समाधान के लिए वैकल्पिक ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाना समाधान है? पश्चिम एशिया संकट के बीच अक्सर कहा जाता है कि भारत को अपने सबसे विश्वसनीय मित्र रूस से अधिक तेल खरीदना चाहिए बजाय मध्य-पूर्व देशों से। जानकारों के अनुसार रूस पर निर्भरता कुछ हद तक ही ठीक है।

एक देश पर निर्भरता के बजाय भारत को चाहिए कि वह अनेक स्रोतों और अनेक तकनीकों के संतुलित मिश्रण को अपनाए। यानी स्थायी समाधान भारत को मुकम्मल रूप से खुद तैयार करना होगा। हर तेल संकट भारत को एक ही संदेश देता है-तेल आयात पर निर्भरता कम करनी होगी। इसके लिए केंद्र सरकार लगातार वैकल्पिक ऊर्जा का विस्तार कर रही है। सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा में लगातार विस्तार कर रही है। गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता में तेजी से वृद्धि हुई है। केवल सौर पैनल लगा देने से तेल समस्या खत्म नहीं होगी। अभी गैर-जीवाश्म ऊर्जा से चलने वाले वाहनों की संख्या बहुत कम है। गैर जीवाश्म ऊर्जा से चलने वाले दो और चार पहिया वाहनों की खरीदारी बढ़ी तो है, लेकिन उतनी नहीं, जिससे तेल संकट के वक्त काम आ सकें। इसी तरह सार्वजनिक परिवहनों, रेलवे का विद्युतीकरण, ऊर्जा-कुशल माल ढुलाई जैसे विकल्प बढ़े हैं, लेकिन यह बहुत कम हैं। इसके लिए बैटरी भंडारण और ग्रिड क्षमता को बढ़ाने की जरूरत है। ठंडक के दिनों में कोहरा छाए रहने, बरसात में कई दिनों तक बादल छाए रहने पर सौर ऊर्जा कम प्राप्त हो पाती है। हालिया ऊर्जा समस्या के समाधान में केंद्र सरकार ने कोयले और तेल पर निर्भरता कम करने के लिए परमाणु, सौर, पवन, जलविद्युत, बैटरी भंडारण और हरित हाइड्रोजन जैसे विविध स्रोतों पर निर्भरता बढ़ाने का कार्य किया है। इससे ऊर्जा सुरक्षा को लेकर होने वाली चिंताओं में राहत दिखाई दी है। हाल में यह बताया गया कि तेल संकट के साथ देश में बिजली संकट भी बढ़ सकता है, क्योंकि मांग की अपेक्षा आपूर्ति नहीं हो पा रही है। आज की तारीख में देश के 59 कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार बेहद कम है। आज की रिपोर्ट के अनुसार इन संयंत्रों के पास या तो निर्धारित स्टाक का 25 प्रतिशत से कम था या तीन दिन से कम उत्पादन जितना कोयला उपलब्ध था। बिजली की मांग करीब 267 गेगा वाट पहुंची और रिकार्ड 270 गेगा वाट के आसपास बनी हुई है। अब जब कि तेल, कोयला दोनों का संकट बढ़ रहा है, देश को ऊर्जा सुरक्षा मिशन की जरूरत बढ़ गई है। अब केंद्र सरकार को ऐसी ऊर्जा नीति बनानी होगी, जो किसी भी संकट के वक्त सुरक्षा कवच के रूप में मौजूद रहे। पहला लक्ष्य यह होना चाहिए कि तेल आयात पर धीरे-धीरे निर्भरता कम की जाए। दूसरी नीति रणनीतिक रूप से पेट्रोलियम भंडार को बढ़ाया जाए। तीसरी सुरक्षा यह होनी चाहिए कि एलपीजी और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के वैकल्पिक मार्ग विकसित किए जाएं। चौथी सुरक्षा इलेक्ट्रोलिकल सार्वजनिक परिवहन को तेज गति से बढ़ाया जाए जैसे दिल्ली सरकार ने किया है। पांचवीं सुरक्षा बैटरी स्टोरेज और राष्ट्रीय बिजली ग्रिड को मजबूत किया जाए। छठे सुरक्षा के रूप में परमाणु ऊर्जाऔर नवीकरणीय ऊर्जा के संतुलित विस्तार को बढ़ाया जाए और ऊर्जा आयात के लिए एक ही क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता धीरे-धीरे कम की जाए। बढ़ते ऊर्जा संकट में केंद्र सरकार बड़ी सावधानी से आगे बढ़ रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि तेल और गैस संकट से भारत अपने वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का बेहतर इस्तेमाल कर उबर जाएगा और ऐसा संकट नहीं आएगा कि जनता त्राहि-त्राहि करने लगेगी।

**विश्व ओजोन दिवस**

रोहित कौशिक



# नया शोध, नई जानकारी लेकिन खतरा टला नहीं

विकास एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। यही कारण है कि विश्व के ज्यादातर देश किसी न किसी रूप से विकास कर रहे हैं। जीवन स्तर सुधारने के लिए विकास की यह प्रक्रिया सुखद है, लेकिन क्या इस विकास से सच्चे अर्थों में हमारा जीवन स्तर सुधर पाया है? भौतिक रूप से देखें तो निश्चित रूप से हमारा जीवन स्तर सुधरा है, लेकिन विकास की इस प्रक्रिया ने हमारे पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचाई है। इसका असर न केवल प्रकृति के स्वास्थ्य बल्कि हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ा है। इस दृष्टि से देखें तो हमारा जीवन स्तर सुधरा नहीं है, अपितु खराब ही हुआ है। विकास की इस प्रक्रिया ने प्रकृति को कई जख्म दिए है। प्रकृति के इन जख्मों ने इंसान के स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा प्रभाव डाला है। विभिन्न तरह से हमारी रक्षा करने वाली ओजोन परत का क्षरण भी विकास की अंधाधुंध प्रक्रियाओं का ही नतीता है। समय-समय पर ओजान परत को लेकर कई अध्ययन प्रकाशित होते रहते हैं। दरअसल, ओजोन परत पृथ्वी के वातावरण की एक महत्वपूर्ण है। यह परत हमें सूर्य की हानिकारण पैराबैंगनी किरणों से बचाती है। 1980 के दशक में वैज्ञानिकों को पता चला था कि यह परत तेजी से पतली हो रही है। मुख्य रूप से अंटार्कटिका के ऊपर एक ओजोन छेद बन रहा था। वैज्ञानिकों ने बताया था कि इसका मुख्य कारण क्लोरोफ्लोरोकार्बन जैसे रसायन हैं जो फ्रिज, एयरकंडीशनर और स्प्रे उत्पादों में इस्तेमाल किए जाते हैं। अब एक नए अध्ययन में बताया गया है कि ओजोन परत का क्षरण 1985 में अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन छिद्र की खोज से बहुत पहले ही शुरू हो चुका था। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने अपने नए अध्ययन में दावा किया है कि अगर आज जैसी उन्नत निगरानी तकनीकें पहले उपलब्ध होतीं तो वैज्ञानिक ओजोन क्षरण के संकेत 1957 में ही पकड़ सकते थे। इसका अर्थ यह है कि ओजोन छिद्र की खोज से लगभग तीन दशक पहले ही इस सुरक्षात्मक परत को नुकसान होना शुरू हो चुका था।

अब तक मुख्य रूप से क्लोरोफ्लोरोकार्बन को ही ओजोन परत के शुरुआती क्षरण के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है, लेकिन बताया गया है कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन नहीं बल्कि कार्बन टेट्राक्लोराइड नाम का एक औद्यागिक रयासन ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार था। दरअसल, लगातार हो रहे वैज्ञानिक अनुसंधानों का सबसे बड़ा लाभ यही है कि नई-नई जानकारियां सामने आती रहती है। ऐसे अध्ययनों में कई बार पिछले अध्ययनों को नकार भी दिया जाता है। यही विज्ञान की सबसे बड़ी ताकत है। विज्ञान की इसी ताकत के बल पर नए आविष्कार होते हैं और नया शोध प्रमाण के साथ सामने आता है। ओजोन परत पर हुए इस नए अध्ययन के नतीजे प्रतिष्ठित जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित हुए हैं। कार्बन टेट्राक्लोराइड 1930 के दशक से ही ड्राईक्लीनिंग और मशीनों की सफाई में चिकनाई हटाने वाले सॉल्वेंट के रूप में इस्तेमाल हो रहा था। बर्फ की गहराइयों से निकाले गए आइस कोर नमूनों में भी इसके निशान मिले। यही रसायन ओजोन परत का शुरुआती क्षरण कर रहा था। हालांकि, अब कार्बन टेट्राक्लोराइड का इस्तेमाल दुनिया के कई हिस्सों में बंद किया जा चुका है। अब कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि ओजोन परत का क्षरण कम हुआ है। इस दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। विभिन्न देशों की सरकारें भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही हैं। हालांकि पर्यावरण के मुद्दे पर अभी भी कई देशों का व्यवहार खोखले आदर्शवाद की परिधि में आता है। यह तो मानना ही पड़ेगा कि इस दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है और इस दिशा में कुछ काम भी हो रहा है। यही कारण है कि आज ओजोन परत की स्थिति में सुधार हुआ है। ओजोन परत की दशा सुधारने के लिए कई तरीके के उपाय किए गए। यह भी कटु सत्य है कि पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर होने वाली वैश्विक संगोष्ठियों में कई बार अपेक्षित निर्णय नही लिए जाते। अनेक बार कई तरह के विरोधाभास भी उभर आते हैं, लेकिन इन सब विसंगतियों के बावजूद जब बार-बार ऐसे मुद्दों पर चर्चा होती है

## मनुष्य इंद्रिय विषयों में करता है आनंद अनुभव



संकलित

**दर्शन**

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

## मैं भी मेला देखने जाऊंगी



संकलित

**प्रेरणा**

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने कहा कि वहाँ बहुत भीड़ होगी कहीं गिर जाओगी तो चोट लगेगी। लड़की ने मां की बात नहीं सुनी और मेला देखने चल पड़ी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैंने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मांगती हो? वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### युवाओं के हौसले का विजयघोष

आज का भारत उस दौर से गुजर रहा है, जहां प्रतिभा किसी बड़े शहर, संपन्न परिवार या महंगे संसाधनों की मोहताज नहीं रह गई है। देश के छोटे कस्बों, गांवों और सामान्य परिवारों से निकलकर युवा अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर दुनिया के मंच पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा की विश्व कप फाइनल में स्वर्णिम सफलता इसी बदलते भारत और उसके युवाओं के बढ़ते हौसले का जीवंत उदाहरण है। यह केवल एक खिलाड़ी की जीत नहीं, बल्कि उन लाखों युवाओं के सपनों की जीत है, जो सीमित साधनों के बावजूद बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मैक्सिको के साल्टिलो में तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज ने जापान के जुन्या नाकानिशी को रोमांचक मुकाबले में शूट ऑफ के जरिए हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### डिफेंस स्टार्टअप्स



भारत में डिफेंस स्टार्टअप्स की एक नई लहर उठ रही है। ये स्टार्टअप्स ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों मे आधुनिक डिफेंस सेक्टर को एक नई दिशा दे रहे हैं। आज का इनोवेशन ही कल की मिलिट्री क्षमता है। **- राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### सेवा संकल्प अभियान



'सेवा संकल्प अभियान' इस साल इसलिए भी खास है क्योंकि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी और तब से वे लगातार 25 सालों से जनसेवा मे समर्पित है। **- जगत प्रकाश नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

### शिक्षा सिस्टम



भारत का शिक्षा सिस्टम उसी पीढ़ी को निराश कर रहा है जिसे उसे ऊपर उठाना था। पेपर लीक होना। बहुत ज्यादा फीस। खस्ताहाल इंफ्रास्ट्रक्चर। लाखों युवा भारतीय ईमानदारी से काम करते है, फिर भी सिस्टम उन्हें निराश करता है। **- राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### लोकतंत्र दिवस



लोकतंत्र के इस अंतरराष्ट्रीय दिवस पर, हमें खुद को यह याद दिलाना चाहिए कि 'हम, भारत के लोग' ही लोकतंत्र की असली नींव और आत्मा है। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह इस तरह काम करे जिससे लोगों का कल्याण हो। जो लोकतंत्र अपने लोगों की बात नहीं सुनता, वह लोकतंत्र नही है। **-अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# बांग्लादेश व चीन ने प्रस्तावित आर्थिक गलियारे पर की चर्चा



चीन के राजदूत याओ वेन ने बांग्लादेश की कनिष्ठ विदेश मंत्री शमा ओबैद इस्लाम से मुलाकात की तथा उन्होंने ढाका को म्यांमा और चीन से जोड़ने वाले प्रस्तावित आर्थिक गलियारे के संबंध में सहयोग पर चर्चा की। स्थानीय मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय का हवाला देते हुए बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' ने बताया कि सोमवार को मंत्री के कार्यालय मे यह बैठक हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने बुनियादी ढांचा, ऊर्जा, मानव संसाधन विकास और आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा की।

## ऑफ बीट

# एआई से बढ़ी वित्तीय धोखाधड़ी सावधानी बरतने की जरूरत

फोन की घंटी बजती है और दूसरी तरफ आपके पोते की घबराई हुई आवाज सुनाई देती है। वह बताता है कि उसके साथ दुर्घटना हो गई है और उसे तत्काल पैसों की जरूरत है। आवाज पोते की आवाज जैसी ही होती है लेकिन पोते की आवाज नहीं होती। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार की गई आवाज होती है, जिसे इंटरनेट पर उपलब्ध किसी वीडियो या ऑडियो क्लिप से तैयार किया गया है। कई वर्षों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा को लेकर चेतावनियों का केंद्र कॉरपोरेट नेटवर्क और सरकारी प्रणालियां रही हैं। हालांकि, ये खतरे वास्तविक हैं



## संक्षेप

### संग्रामपुर में दो घरों में चोरी

**ताला तोड़कर 15-20 लाख के जेवर ले गए चोर, एक घर से सब्बल उठाकर दूसरे में की वारदात**

अमेठी ,संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे जवाहिर सिंह मजरे संग्रामपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। चोर राधेश्याम सिंह और ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ चंदन सिंह के घरों का ताला तोड़कर करीब 15 से 20 लाख रुपये के जेवर लेकर फरार हो गए। बताया गया कि चोरों ने पहले एक घर में घुसकर सामान खंगाला। वहां उन्हें एक सब्बल मिला, जिसे कपड़े से पकड़कर दूसरे घर में ले गए और अलमारी व संदूक में रखे जेवर पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय दोनों घरों में कोई मौजूद नहीं था। सुबह शौचालय जाते समय बिखरा सामान देखा चोरी की जानकारी सुबह उस समय हुई, जब चंदन सिंह के बड़े भाई के बेटे कार्तिक सिंह शौचालय जाने के लिए निकले। उनकी नजर घर में बिखरे सामान पर पड़ी तो उन्हें चोरी की आशंका हुई। उन्होंने तत्काल परिवार के लोगों के साथ वर्तमान ग्राम प्रधान और पीड़ित के चचेरे भाई इन्द्रभान सिंह उर्फ रिकू को सूचना दी। घर की स्थिति देखकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। डायल 112 पर सूचना, मौके पर पहुंची ढफश घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 पर फोन किया गया। सूचना पर पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही संग्रामपुर थाने की पुलिस को भी जानकारी दी गई। सूचना मिलने के बाद हल्का दरोगा विनोद तिवारी मौके पर पहुंचे और घरों का निरीक्षण कर घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी ली पहले राधेश्याम के घर में घुसे चोर परिजनों के मुताबिक, अज्ञात चोरों ने सबसे पहले राधेश्याम सिंह के घर का ताला तोड़ा। घर के अंदर सामान खंगालने के बाद उन्हें वहां एक सब्बल मिला। बताया गया कि चोरों ने सब्बल को कपड़े से पकड़ा और उसे लेकर चंदन सिंह के घर पहुंच गए। वहां उन्होंने ताला तोड़कर कमरे में रखे सामान को खंगाला और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

### लापता दो नाबालिग बहनें मिलीं

**पुलिस ने 4 घंटे में प्रयागराज से खोजा, एसपी ने 15 हजार का इनाम दिया**

अमेठी ,ऑपरेशन मुस्कान के तहत बाजार शूकुल पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने घर से स्कूल जाने के लिए निकली लापता दो नाबालिग बहनों को महज 4 घंटे के अंदर बरामद कर लिया। वे प्रयागराज से करीब 50 किलोमीटर आगे मिलीं। त्वरित कार्यवाही के लिए एसपी ने पुलिस टीम को 15 हजार रुपये के नगद इनाम की घोषणा की है। यह मामला मंगलवार शाम करीब 6 बजे का है। थाना बाजार शूकुल पुलिस को हरिभान पुत्र तालिकराम निवासी पूरे लदई तिवारी ने सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनके बड़े भाई जयसिंह की 17 और 15 साल की दो बेटियां सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थीं। छुट्टी के बाद जब वे घर वापस नहीं आईं, तो परिजनों ने स्कूल में संपर्क किया। वहां पता चला कि दोनों लड़कियां स्कूल आई ही नहीं थीं एसपी अमेठी सरवणन टी. ने तुरंत इस घटना का संज्ञान लिया।

# खैरीघाट पुलिस ने विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

## बच्चों, शिक्षकों व आमजन के साथ साझा की जानकारियां

**अमन लेखनी समाचार**



शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र मे आज माह सितम्बर के तृतीय बुधवार को 'राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान' के अंतर्गत उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत आदेशों व निदेर्शों के क्रम में ठाकुर मूलचंद इंटर कॉलेज थैलिया रायपुर में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित आमजन को वर्तमान समय में घटित हो रहे गंभीर साइबर अपराधों के प्रति विस्तार से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित विषयों/बिंदुओं पर जानकारी दी गई: इन्वेस्टमेंट व ट्रेडिंग फ्रॉड (Investment/Trading Fraud - Financial): शेयर मार्केट, क्रिप्टो-करेंसी या घर बैठे पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर भारी मुनाफा कमाने का लालच देने वाले फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप, टेलीग्राम चैनल और फर्जी ऐप्स से सावधान रहें। किसी भी अज्ञात प्लेटफॉर्म पर पैसा इन्वेस्ट करने से पहले उसकी सत्यता जांच लें। पहचान की चोरी (Identity Theft - Non-Financial): अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स (Facebook, Instagram, WhatsApp) के पासवर्ड मजबूत रखें और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) ऑन रखें। किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपनी आईडी (आधार, पैन), ओटीपी, निजी जानकारी या तस्वीरें साझा न करें, जिससे कोई आपकी पहचान का गलत इस्तेमाल न कर सके। निजी तस्वीरों का अनधिकृत प्रसार (Non-Consensual Intimate Image Sharing - Women & Children): महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत बताया गया कि सोशल मीडिया पर किसी के बहकावे में आकर अपनी निजी या संवेदनशील तस्वीरें/वीडियो साझा न करें। बिना सहमति किसी की निजी फोटो या वीडियो शेयर करना या ब्लैकमेल करना एक गंभीर अपराध है। ऐसा होने पर डरें नहीं, तुरंत परिजनों, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करें। इसके साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व वेबसाइट के बारे में जानकारी दी। यह कार्यक्रम थाना अध्यक्ष खैरीघाट के नेतृत्व में संपन्न हुआ जिसमें उपनि0 मनोज यादव, म०आ० संध्या, का० निखिल कुमार सिंह, अभिनंदन पाण्डेय, सक्षम सिंह सहित विद्यालय के शिक्षकगण व छात्र छात्रा मौजूद रहे।

# स्थानांतरण पर खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी को दी गई भावभीनी विदाई

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। खंड शिक्षा अधिकारी कैसरगंज जितेंद्र बहादुर चौधरी का बाराबंकी जनपद में स्थानांतरण होने पर बुधवार को विकास खंड सभागार कैसरगंज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह विशेन ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन रसल रघुवंशी ने किया।विदाई समारोह में क्षेत्र के बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी को फूल-मालाएं पहनाकर, बुके एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने उनके कार्यकाल और विभागीय सहयोग को याद करते हुए उनके नए कार्यस्थल के लिए शुभकामनाएं दीं।समारोह में वीपी सिंह, रफीक सिद्दीकी, नौरंग सिंह समेत सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा का हिस्सा है, लेकिन अधिकारी और शिक्षकों के बीच बने आत्मीय संबंध लंबे समय तक याद रहते हैं।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विभागीय सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कैसरगंज में कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग और स्नेह को वह हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने शिक्षकों से इसी तरह टीम भावना के साथ शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कार्य करते रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए बाराबंकी में उनके नए कार्यस्थल के लिए उज्ज्वल भविष्य एवं सफलता की शुभकामनाएं दीं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने दी जान, जांच मे जुटा महकमा

### परिजनों में मचा कोहराम

**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। परागी बेली गांव मे उस समय हड़कंप व कोहराम मच गया जब परिजनों ने तीन वर्ष पूर्व विवाह हुए महिला का घर में शव देखा! परिजन आश्चर्यचकित रह गए। खबर है कि जनपद के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौकसा हार के मजरा परागी बेली निवासी अजय कुमार पुत्र माताप्रसाद की पत्नी संजू देवी 24 वर्ष का आज बुधवार प्रातः परिजनों ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में शव देखा तो घर मे कोहराम मच गया। घटना से भारी भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं मायके पक्ष से चाचा कृष्ण कुमार यादव पुत्र सालिकराम निवासी डल्लापुरवा थाना स्थानीय द्वारा सूचना खैरीघाट थाने की पुलिस को दी गई। इलाकाई पुलिस ने मजिस्ट्रेट को अवगत करवाते हुए फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंच कर आवश्यक साक्ष्य संकलन किया। तत्पश्चात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा व संवैधानिक कार्यवाही पूरी की। प्रभारी निरीक्षक



खैरीघाट ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है, मृत्यु का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। मायके पक्ष की सूचना पर आवश्यक जाँच व विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अब नहीं जाना पड़ेगा लखनऊ, मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई बेरा मशीन की सुविधा

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल**

बहराइच। महाराजा सुहेल देव स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच के नाक, कान एवं गला विभाग में नवस्थापित इएफअ मशीन का उद्घाटन एवं लोकार्पण सोमवार को दोपहर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, माननीय पूर्व मंत्री एवं विधायक सदर बहराइच के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बहराइच की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने कहा कि अब सुनने की क्षमता की जांच के लिए मरीजों को लखनऊ जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह सुविधा अब मेडिकल कॉलेज बहराइच में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने इस सुविधा के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. (प्रो.) संजय खत्री ने कहा कि इएफअ मशीन की सुविधा शुरू होना मेडिकल कॉलेज की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस सुविधा से मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने मरीजों के हित में यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन एवं स्थानीय प्रशासन का धन्यवाद किया।

एक विशेष श्रवण जांच है, जिसके माध्यम से यह पता लगाया जाता है कि कान से प्राप्त ध्वनि संकेत श्रवण तंत्र के माध्यम से मस्तिष्क तक किस प्रकार पहुंच रहे हैं। जांच के दौरान मरीज को हेडफोन या ईयरफोन के माध्यम से आवाज सुनाई जाती है तथा सिर पर छोटे-छोटे इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं। मशीन ध्वनि के प्रति श्रवण तंत्र और ब्रेनस्टेम की प्रतिक्रिया को रिकॉर्ड करती है। इस जांच में मरीज को बोलकर या किसी



प्रकार का जवाब देने की आवश्यकता नहीं होती।बेरा जांच विशेष रूप से नवजात शिशुओं एवं छोटे बच्चों की सुनने की क्षमता की जांच ऐसे मरीज जो सामान्य में सहयोग नहीं कर पाते तथा सुनने की क्षमता में कमी का पता लगाने के लिए उपयोगी है। इसके माध्यम से कान से मस्तिष्क तक जाने वाले की कार्यप्रणाली का भी आकलन किया जा सकता है। मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा शुरू होने से बहराइच एवं आसपास के जनपदों के मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। अब उन्हें सुनने संबंधी इस महत्वपूर्ण जांच के लिए लखनऊ अथवा अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे मरीजों के समय एवं आने-जाने के खर्च की भी बचत होगी।शुभारंभ कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. (प्रो.) संजय खत्री, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उप-प्राचार्य डॉ. मलिक शहनवाज ,नाक-कान-गला विभाग के डॉ. बी.एन. माश एवं डॉ. राजेंद्र कुमार शुक्ला अन्य संकाय सदस्य, चिकित्सालय प्रबंधक, नर्सिंग अधीक्षिका तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। बेरा मशीन स्थापित होने पर देवी पाटन डिवीजन डीफ वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी अमित कुमार सिन्हा ,वरुण कुमार गुप्ता आदि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्राचार्य तथा मुख्य विकास अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी जो पूरी हुई है जिसका लाभ जनपद के लोगों को मिलेगा।

# उम्मीद परियोजना के तहत ब्लॉक स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की तृतीय बैठक संपन्न

**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। जिले के ब्लॉक शिवपुर में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की तृतीय बैठक में स्वास्थ्य सूचकांकों की हुई समीक्षा, बाल विवाह रोकने को विभागों में बेहतर समन्वय पर दिया गया बल।



### 50 गांवों में मोबाइल वैन से चलेगा जागरूकता अभियान

बाल विवाह रोकने, किशोर-किशोरियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और सही उम्र में विवाह व गर्भधारण के साथ मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए विभागों के बीच समन्वय बढ़ाया जाएगा। बुधवार को शिवपुर में उम्मीद परियोजना के तहत ब्लॉक स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की तृतीय बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, आईसीडीएस और एनआरएलएम समेत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने इस दिशा में संयुक्त प्रयास पर चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर के अधीक्षक डॉ. चंद्रभान राम बैठक के संयोजक रहे। बैठक में स्वास्थ्य सूचकांकों के साथ परिवार नियोजन साधनों की उपलब्धता और उपयोग की स्थिति की समीक्षा की गई। खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने विभागीय समन्वय के साथ समुदाय तक जागरूकता संदेश पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने बाल विवाह रोकने, बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने और मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए सभी विभागों को अपनी भूमिका के साथ मिलकर काम करने की बात कही।

बैठक में पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से संचालित उम्मीद परियोजना के तहत जागरूकता गतिविधियों की जानकारी भी साझा की गई। पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रतिनिधि रामबरन यादव ने बताया कि शिवपुर ब्लॉक के 50 गांवों में मोबाइल वैन के माध्यम से बाल विवाह, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य, सही उम्र में विवाह, उचित उम्र में गर्भधारण और दो बच्चों के बीच उचित अंतराल सहित अन्य विषयों पर जागरूकता गतिविधियां संचालित करने की कार्ययोजना बनाई गई है।

इस दौरान प्रतिभागियों के समक्ष इतनी भी क्या जल्दी है और देश बदलेगा जब मर्द बदलेगा अभियान से जुड़ी एनिमेटेड फिल्म, जिंगल और रील्स का प्रदर्शन भी किया गया। इनके माध्यम से कम उम्र में विवाह और लैंगिक भूमिकाओं से जुड़े सामाजिक व्यवहार में बदलाव का संदेश दिया गया। बैठक के दौरान बाल विवाह रोकने, बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने विभागों के बीच समन्वय के साथ समुदाय तक जागरूकता संदेश पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, आईसीडीएस, एनआरएलएम, शिक्षा विभाग, पत्रकारों तथा पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेशीय प्रा0शि0सं0 18 सितंबर को लेखाधिकारी कार्यालय पर करेगा धरना-प्रदर्शन

## शिक्षक समस्याओं के निराकरण में की जा रही हीला हवाली पर शिक्षकों में आक्रोश

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा बहराइच ने वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा), कार्यालय पर आगामी 18 सितंबर 2026 को दोपहर 2:00 बजे से धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।संगठन के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक ने अवगत कराया कि जिले में कार्यरत शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण और एरियर के भुगतान को लेकर कार्यालय द्वारा लगातार उपेक्षा और टाल-मटोल का रवैया अपनाया जा रहा है। जिलामंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि दिनांक 07.09.2026 को 4 सूत्रीय मांगों का पत्र वित्त एवं लेखाधिकारी को सौंपकर एक सप्ताह के भीतर निस्तारण की मांग की गई थी। इसके बावजूद एक सप्ताह बीत जाने पर न तो समस्याओं का समाधान किया गया और न ही संघ को किसी कार्रवाई की सूचना दी गई।कार्यालय की इस अकर्मण्यता के विरोध में संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि 18 सितंबर को शिक्षक अपनी मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शव वाहन में लगी आग

## समय रहते बाहर निकाली बॉडी, पुलिस-फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी ,बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर आज दोपहर करीब 1:30 बजे एक शव वाहन में अचानक आग लग गई। वाहन लखनऊ से गाजीपुर जा रहा था। आग लगते ही वाहन में मौजूद चार लोगों ने शव को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

### किलोमीटर 70.5 पर वाहन में उठा धुआं

पुलिस के अनुसार, एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 70.5 पर शव वाहन में आग लगने की सूचना मिली थी। वाहन में अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में आग फैल गई। चालक ने वाहन को सड़क किनारे रोक दिया, जिसके बाद उसमें सवार चार लोगों ने



शव को बाहर निकाल लिया।

### पुलिस और फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मिलकर आग बुझाई गई। समय रहते आग पर काबू पा लेने से एक्सप्रेसवे पर दूसरे वाहनों को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ शव को दूसरे वाहन से भेजा गयापुलिस ने शव को सुरक्षित दूसरे वाहन से गाजीपुर भेजने का इंतजाम किया। आग बुझने के बाद एक्सप्रेसवे पर यातायात सामान्य हो गया। शव वाहन का नंबर बताया गया है। आग लगने की वजह की जांच जारफिलहाल आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, वाहन में अचानक धुआं उठने के बाद आग फैल गई थी।

# फर्जी फर्मों के नाम पर 42.65 करोड़ की साइबर ठगी

**109 फर्जी फर्मों के खाते मिले, क्राइम ब्रांच ने 2 आरोपियों को पकड़ा**

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़ ,क्राइम ब्रांच ने बुधवार शाम 4:30 बजे बड़े साइबर अपराध गिरोह का खुलासा किया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि गिरोह फर्जी फर्मों के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगी की रकम का लेन-देन करता था। पुलिस के मुताबिक, एक साल में करीब 42.65 करोड़ रुपए की ठगी की रकम इन खातों के जरिए ट्रांसफर की गई। अलग-अलग बैंकों में 109 फर्जी फर्मों के खाते सक्रिय मिले हैं।शाकिब और संदीप गिरफ्तारपुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाकिब खान और संदीप कुमार के रूप में की है। शाकिब खान पटना के फ्रेजर रोड का रहने वाला है और मूल रूप से वाराणसी का निवासी है। वहीं संदीप कुमार पटना के बंदर बगीचा का रहने वाला है। 2.50 लाख रुपए की साइबर ठगी से शुरू हुई जांचपुलिस के मुताबिक, मामले की शुरूआत 16 जुलाई 2026 को हुई थी। देहात कोतवाली क्षेत्र के भुवालपुर डोमीपुर निवासी डॉ. सुमनेश सिंह के बैंक खाते से साइबर ठगी के जरिए 2.50 लाख रुपए निकाल लिए गए थे। शिकायत मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। इसी दौरान क्राइम ब्रांच को फर्जी खातों और फर्मों के नेटवर्क का पता चला लैपटॉप, मोबाइल और बैंक दस्तावेज बरामदक्राइम ब्रांच ने आरोपियों के पास से लेनोवो लैपटॉप, पीओएस मशीन, 6 मोबाइल फोन, 6 पेन ड्राइव, कार्ड रीडर, डिजिटल सिग्नेचर डिवाइस और 8 जीबी चिप बरामद की है।

# गर्लफ्रेंड फंदे से लटकी, बॉयफ्रेंड ने भी जान दी

**शादी के बाद बात नहीं करती थी, प्रतापगढ़ में युवक ने पति को अश्लील फोटो भेजी**

**अमन लेखनी समाचार**

प्रतापगढ़,गर्लफ्रेंड से लटकने के 1 घंटे बाद बॉयफ्रेंड ने भी जहर खाकर जान दे दी। गर्लफ्रेंड की शादी हो चुकी थी। इसके बाद भी बॉयफ्रेंड उस पर बात करने का दबाव बनाता था। गर्लफ्रेंड की अश्लील फोटो उसके पति को भेज दी थी। घटना मंगलवार रात करीब 11 बजे रानीगंज थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जांच में सामने आया है कि दोनों का तीन साल से अफेयर चल रहा था। कुंभापुर गांव के रहने वाले रामदेव के परिवार में पत्नी सरोज और तीन बेटे विजय, अजय और विनय हैं। तीन बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। भाई-बहनों में विनय सबसे छोटा था। दोनों भाई प्राइवेट नौकरी करते हैं। विनय पिता के साथ मजदूरी करता है। विनय के घर से 30 मीटर की दूरी पर आंचल गौतम (25) का घर है। उसके




पिता राम आश्रय गौतम और मां की मौत हो चुकी है। घर में दो बहनें और एक भाई है। भाई बाहर प्राइवेट जॉब करता है। बहन से कहता था बात करा दो वरना तस्वीर वायरल कर दूंगा 3 साल से विनय और आंचल का अफेयर चल रहा था। दोनों पड़ोसी थे इसलिए उनकी शादी नहीं हो सकी। मई 2026 में रानीगंज के जाजापुर गांव के जीतू उर्फ जितेंद्र गौतम से आंचल की शादी हो गई। शादी के बाद भी विनय आंचल को फोन करता था। पुलिस के मुताबिक, विनय आंचल की कुछ पुरानी तस्वीरें उसकी बहन को भेजकर वायरल करने की धमकी देता था। कहता था कि आंचल से बोलो कि मुझसे बात करे। आंचल उससे बात करने के लिए मना करती थी। कुछ दिन पहले विनय ने आंचल की आपत्तिजनक तस्वीरें उसके पति को भी भेज दी थी।

## संक्षेप

### रायबरेली में कार और डंपर की टक्कर

**युवक की मौके पर मौत, महिला गंभीर घायल**

रायबरेली,गुरबख्शगंज थाना क्षेत्र में बुधवार समय 11.30 सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डंपर में जा घुसी। इस हादसे में कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ में बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना गंभीरपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई। जानकारी के मुताबिक, सरेनी थाना क्षेत्र के बोडी खेड़ा (धामपुर) निवासी भरत लाल तिवारी (29) और सागर (सरेनी) निवासी पदमा सिंह (50) पत्नी कुंवर बहादुर सिंह क्विड कार (वढ 33 इफ 6879) से लालगंज से बछरावां की ओर जा रहे थे।गंभीरपुर पेट्रोल पंप के सामने कार ने पहले एक साइकिल सवार को टक्कर मारी।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद चालक ने मौके से भागने की कोशिश की।इस दौरान कार पूरी तरह अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे डंपर में पीछे से टकरा गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों सवार भीतर ही फंसे रह गएहादसे की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची पुलिसहादसे की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस-हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 पीआरवी (वढ 32 ऊॠ 8911) तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने जल्दी से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जतुवा टप्पा पहुंचाया।अस्पताल में डॉक्टर बृजेश कुमार ने भरत लाल तिवारी को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं, पदमा सिंह के सिर पर गंभीर चोटें थीं, उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने डंपर और क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चंद्रशेखर आजाद पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

**रायबरेली में आजाद समाज पार्टी ने विरोध जताया, सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया**

रायबरेली ,आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ता शहर की अंबेडकर प्रतिमा पर जमा हुए और कलेक्ट्रेट परिसर तक नारेबाजी करते हुए विरोध में दोपहर 2:00 बजे दिन बुधवार को मार्च निकाला। इसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। जानकारी के अनुसार, यह घटना 13 सितंबर 2026 को हुई थी। चंद्रशेखर आजाद गोंडा में विनोद साहनी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। आरोप है कि बाराबंकी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने उनके काफिले को रोकने के साथ ही उन पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया प्रदर्शन के दौरान आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कई कार्यकर्ता अंबेडकर चौराहे से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और झंडे लेकर प्रशासन और हमलावरों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे ज्ञापन के माध्यम से कार्यकताओं ने मांग की कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद 'रावण' को तुरंते + श्रेणी की सुरक्षा दी जाए। उन्होंने हमले के पीछे शामिल सभी आरोपियों और मुख्य साजिशकताओं को पहचान कर तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की।

## द्वितीय गणेश महोत्सव में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने की महाआरती

**धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा विराजमान हुए गणपति बप्पा**



अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़वां गांव के पंचायत भवन प्रांगण अंतर्गत भगवान गणेश का महामहोत्सव धार्मिक अनुष्ठान के रूप में आयोजित किया गया प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकालते हुए आयोजक समिति ने समूचे गांव में रथ यात्रा निकाल गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए वही जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ भगवान का पूजन किया गया नगर भ्रमण के पश्चात गणपति बप्पा को विराजमान किया गया वहीं शाम समय पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल अमौली ब्लाक प्रमुख सुशीला सिंह आदि जनप्रतिनिधियों ने दरबार पहुंचकर महा आरती करते हुए भगवान गणपति बप्पा से आशीर्वाद प्राप्त किया द्वितीय महा महोत्सव अंतर्गत मुख्य रूप से प्रमुख आयोजन समीर उर्फ विराट शुक्ला पंडित शिवशंकर चतुर्वेदी रविकांत सचान शशि सचान अम्बरीष मिश्रा अंकुर शर्मा जय मोहन बाल्मिक समेत भारी संख्या में ग्रामीण भक्तगण मौजूद रहे।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक स्टेट बैंक खाते से निकल गए 75003 रुपये

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बा निवासी युवक अंकुर पुत्र छबिलाल कुशवाहा साइबर ठगी का शिकार हो गया पीड़ित ने बताया कि उसका खाता जहानाबाद कस्बे के स्टेट बैंक में संचालित है खाते से 11 सितंबर की रात से 12 सितंबर की रात में तीन बार यूपीआई के जरिए रकम ट्रांसफर हुई पहला ट्रांजैक्शन 11 सितंबर की रात 11:42 बजे 30001 रुपये का हुआ इसके ठीक दो मिनट बाद 11:44 पर 20001 दूसरी रकम ट्रांसफर की गई इसके बाद 12 सितंबर की रात 12:13 पर 25001 का तीसरा ट्रांजेक्शन हो गया तीनों लेनदेन को मिलाकर खाते से कुल 75003 रुपये ट्रांसफर किए गए पीड़ित के अनुसार रकम अलग-अलग बैंक खातों में पहुंची इनमें एक ट्रांजैक्शन इंडसइंड बैंक बाड़मेर शाखा दूसरा द डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड सूरत तथा तीसरा केनरा बैंक जेसी रोड हेड ऑफिस बैंगलोर से संबंधित बताया पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराकर रकम वापस करवाने एवं साइबर ठगी की जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की

## इटरा के ऐतिहासिक दंगल में पहलवानों के मुकाबलों का दर्शकों ने लिया आनंद

**कानपुर की आकांक्षा पहलवान ने दिल्ली की मोना पहलवान को हराया**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। क्षेत्र के ग्राम पंचायत ईटरा में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष साहब सिंह गौतम के संयोजन में विगत वर्षों की भांति स्वर्गीय जयराम सिंह की स्मृति में ऐतिहासिक दंगल महोत्सव का आयोजन किया गया उन्होंने 69 वर्ष पूर्व दंगल महोत्सव का शुभारंभ किया था दंगल महासागर के दौरान महिला पहलवानों समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिग्गज पहलवानों ने अपने दांवपेंच दिखाते हुए दर्शकों के विशाल जनसंख्या को रोमांचित कर दिया कानपुर की महिला पहलवान आकांक्षा ने दिल्ली की मोना पहलवान को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया इस मौके पर पहुंची मुख्य अतिथि कानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने पहलवानों को प्रोत्साहित करते हुए दर्शकों को शुभकामनाएं दी दंगल महासमर का संचालन संजीव राणा कुठौंद जालौन एवं वीर रस के गायक धर्मेंद्र सिंह ने किया संयोजक साहब सिंह रणधीर सिंह गौतम ग्राम प्रधान वेद प्रकाश साहू सचिन सिंह रजत सिंह जगमोहन पाल सेवालाल समेत कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत कर दर्शकों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर भाजपा पदाधिकारी रेखा मिश्रा संतोष गुप्ता देवेंद्र अवस्थी आशीष वर्मा डॉ राम भक्त वर्मा रजत सिंह सत्य प्रकाश शुक्ला गोविंद अग्निहोत्री समेत दर्शकों की विशाल जन समुदाय दंगल महोत्सव का आनंद लिया यातायात व्यवस्था के मद्देनजर स्थानीय एवं क्षेत्रीय पुलिस बल के जवान मौजूद रहे

## जमीनी विवाद पे दो पक्षों में आपस में हुई भीषण भिड़ंत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। फतेहपुर जिले के थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत हसवा चौकी से करीब 100 मीटर दूरी पर हाईवे से सटी जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर फायरिंग होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने अभी तक गोली चलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच जारी है।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हाईवे किनारे स्थित लगभग पांच बीघा जमीन को लेकर लंबे समय से दो पक्षों के बीच स्वामित्व और कब्जे का विवाद चल रहा था। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि बुधवार को दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। इसी दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग किए जाने का आरोप लगाया गया है। आरोपों में एक पक्ष की ओर से रिंकू लोहारी का नाम भी सामने आ रहा है, लेकिन इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है।घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें गोली जैसी आवाज सुनाई देने का दावा किया जा रहा है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यदि फायरिंग हुई भी है तो वह हवाई फायर थी, किसी वाहन को लक्ष्य बनाकर की गई या किसी व्यक्ति पर।इन सभी बिंदुओं की पुष्टि पुलिस जांच और तकनीकी साक्ष्यों के परीक्षण के बाद ही हो सकेगी।सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। पुलिस वायरल वीडियो, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान तथा अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है।समाचार लिखे जाने तक किसी व्यक्ति के घायल होने या हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस प्रशासन की ओर से विस्तृत बयान जारी होना शेष है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।

## आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ पड़ी 4 तहरीर

**नेहा बोरा ने मुख्यमंत्री के खिलाफ की थी आपत्तिजनक टिप्पणी, सोशल मीडिया पर भी विरोध**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर ,आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मंगलवार को कैंट थाने में तीन अलग-अलग शिकायतें और. पीपीगंज थाने में एक तहरीर दी गई है। सोशल मीडिया पर भी लोग नेहा बोरा के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई संगठन बुधवार को भी तहरीर देने की तैयारी में हैं।शिकायतकताओं ने नेहा बोरा के साथ कार्यक्रम के आयोजकों पर भी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो और शिकायतों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। मंगलवार को ओबीसी पार्टी (वन भारत सिटीजन पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी, कार्यकताओं के साथ कैंट थाने पहुंचे और तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। उनका आरोप है कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के विरुद्ध आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। साथ ही गोरखपुर की ऐतिहासिक भूमि को लेकर भी अभद्र टिप्पणी की गई। कार्रवाई न होने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी। इसी मामले में विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष जनार्दन मिश्रा जे.डी. के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कैंट प्रभारी को शिकायत दी। साथ ही अधिवक्ताओं ने भी सीओ कैंट के पास शिकायत की है। संगठन ने भाषण को अभद्र और भड़काऊ बताते हुए उपलब्ध वीडियो की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। उधर, भाजपा युवा मोर्चा पीपीगंज मंडल के अध्यक्ष आदर्श सिंह ने पीपीगंज थाने में तहरीर दी है।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक लगी भीषण आग बाल बाल बचा हादसा

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। फतेहपुर जिले के चौक बाजार स्थित कोतवाली रोड पर बुधवार को एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लगने से बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी का मालिक खरीदारी करने के लिए एक बर्तन की दुकान पर रुका था। इसी दौरान हल्की बारिश शुरू हुई और कुछ ही देर बाद स्कूटी से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग ने पूरी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि समय रहते सूचना मिलने पर आग पर काबू पा लिया गया और किसी जनहानि की सूचना नहीं है।स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूटी चालक बाजार में सामान खरीद रहा था। इसी बीच लोगों ने वाहन से धुआं निकलते देखा। जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग तेजी से फैल गई और आसपास धुआं भर गया। घटना के कारण कुछ समय के लिए बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलने पर संबंधित प्रशासनिक एवं राहत टीम मौके पर पहुंची और आग पर नियंत्रण पाया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना में किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के वास्तविक कारणों का आधिकारिक खुलासा अभी नहीं हुआ है। तकनीकी जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आग बैटरी, वायरिंग, चार्जिंग सिस्टम या किसी अन्य कारण से लगी।इस घटना के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। हाल के वर्षों में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की ओर रुख कर रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न कंपनियों के नए शोरूम भी तेजी से खुल रहे हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि वाहन निर्माण, बैटरी गुणवत्ता, चार्जिंग प्रणाली, रखरखाव और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन बेहद आवश्यक है।

## सपा नेता के हत्यारों से पुलिस की मुठभेड़

**प्रयागराज में हिस्ट्रीशीटर लल्ला यादव और निहाल के पैर में गोली, 20 हजार में खरीदे थे 2 तमंचे-कारतूस**

अमन लेखनी समाचार



पवन यादव, मृतक सपा नेता

प्रयागराज , सपा नेता पवन यादव हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस की मुठभेड़ हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत इलाके में हिस्ट्रीशीटर लल्ला यादव और निहाल से हो गई, जिसमें दोनों के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने दोनों घायलों समेत प्रधान पति सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घायल आरोपियों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंडिया में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्याकांड से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और मामले में आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। आरोपियों के कब्जे से हथियार और अन्य साक्ष्य मिलने की भी जांच की जा रही है।जितेंद्र यादव उर्फ लल्ला हंडिया थाना क्षेत्र के मुगरांव का ही रहने वाला है। उसके खिलाफ जिले के कई थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट सहित कई संगीन धाराओं में दर्जनभर से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार गोली लल्ला ने ही चलाई थी। पुलिस के मुताबिक, हमलावर बाइक से पहुंचे थे। पीछे बैठे युवक ने पवन को गोली मारी थी। जांच में पुरानी रंजिश की बात भी सामने आई है। भी खंगालने के बाद एक्शन लिया है। एक वीडियो सामने भी आया है, जिसमें बाइक पर हमलावर दिखाई देते हैं। बता दें कि सपा नेता पवन हंडिया कस्बे में कैफे से निकलकर अपनी कार के पास पहुंचे थे, तभी बाइक सवार तीन लोगों ने उन्हें गोली मार दी थी। अस्पताल ले जाने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। वारदात हंडिया थाना क्षेत्र की मंगलवार शाम 6 बजे हुई थी।20 हजार में तमंचे और कारतूस खरीदे वारदात के बाद पुलिस ने हंडिया टोल प्लाजा समेत आसपास के करीब 42 उउळश कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में बाइक सवार तीन संदिग्ध दिखाई दिए। इसके आधार पर पुलिस ने लल्ला यादव, बृजेश यादव और निहाल अली को हिरासत में लिया। पूछताछ में सामने आया कि तीनों बाइक से वारदात करने पहुंचे थे। निहाल बाइक चला रहा था, बृजेश बीच में और लल्ला सबसे पीछे बैठा था। लल्ला यादव ने पवन यादव पर फायरिंग की। घटना में इस्तेमाल बाइक और दो तमंचे भी बरामद कर लिए गए हैं। पूछताछ में पवन और लल्ला के बीच पुरानी रंजिश की बात सामने आई है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल बाइक और दो तमंचे भी बरामद कर लिए गए हैं। दोनों तमंचे और कारतूस 20 हजार रुपए में खरीदे गए थे।

## पीडब्लूडी में आउटसोर्स कर्मचारियों के भुगतान में गड़बड़ी

**69.73 लाख दिए, ऑडिट में 33.32 लाख का बिल नहीं मिला**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , प्रदेश सरकार ने आउटसोर्स कर्मचारियों की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए हाल ही में एक निगम बनाया है। इसके पूरी तरह शुरू होने से पहले ही प्रयागराज में आउटसोर्स कर्मचारियों के नाम पर हुए भुगतान में गड़बड़ी सामने आई है। मामला लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के विद्युत यांत्रिक खंड का है। इस खंड ने आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए लीलावती इंटरप्राइजेज को कुल 69.73 लाख रुपए का भुगतान किया। ऑफिस प्रयागराज की ऑडिट टीम ने इसमें 33,32,933 रुपए का भुगतान बिना बिल के पाया है। ऑडिट रिपोर्ट में इसे वित्तीय गड़बड़ी माना गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुछ बिल दोबारा लगाए गए हैं। मामले में विभाग से जवाब मांगा गया है।

दो बार में हुआ 69.73 लाख का भुगतान्लीलावती इंटरप्राइजेज को 14 जुलाई को 34,75,923 रुपए और 25 जुलाई को 34,98,897 रुपए का भुगतान किया गया। ऑडिट में इन्हीं भुगतानों से जुड़े बिल और वाउचर की जांच की गई विद्युत यांत्रिक खंड के अधिशासी अभियंता अखिलेश कुमार ने कहा कि ऑडिट आपत्ति आई है। उसे देखा जा रहा है और उसका जवाब दिया जा रहा है। ऑडिट में एक भुगतान में 8,66,211 रुपए का अंतर मिला। वाउचर में 34,98,897 रुपए का खर्च दिखाया गया, जबकि इससे जुड़े बिल 26,32,686 रुपए के ही मिले। यानी 8,66,211 रुपए का बिल नहीं मिला। दूसरे मामले में 1,62,326 रुपए का भुगतान बिना बिल के मिला। एक अन्य भुगतान में 9,09,173 रुपए खर्च दिखाए गए, जबकि 7,02,000 रुपए के ही बिल मिले। इसमें 2,07,173 रुपए का अंतर मिला। 4.59 लाख के भुगतान के दस्तावेज नहीं मिलेऑडिट में 4,59,379 रुपए के एक और भुगतान पर आपत्ति की गई है। इसके समर्थन में मूल बिल, वाउचर और दूसरे जरूरी दस्तावेज नहीं मिले। सबसे बड़ी आपत्ति 16,45,017 रुपए की है। एक वाउचर में 34,75,026 रुपए का भुगतान दिखाया गया।जबकि 111 बिलों के आधार पर राशि 18,30,009 रुपए ही बनती है। दोनों रकम में 16,45,017 रुपए का अंतर है। विद्युत यांत्रिक खंड ने इलाहाबाद हाईकोर्ट, लोक सेवा आयोग, सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस में आउटसोर्स पर 50 से ज्यादा इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर और लिफ्ट ऑपरेटर लगाए हैं। लीलावती इंटरप्राइजेज कई साल से यह काम कर रही है।

## दो फरार हत्यारोपियों पर 10-10 हजार का इनाम

**शाहजहांपुर में ग्राम प्रधान पति भी शामिल**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर पुलिस ने दो बुधवार को फरार दो हत्यारोपियों पर शिकंजा कसा है। 13 अगस्त को हत्या करने के बाद फरार हुए इन आरोपियों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इनमें से एक आरोपी ग्राम प्रधान का पति है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर आरोपियों की सटीक जानकारी मिलती है, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सही और भरोसेमंद जानकारी देने वाले व्यक्ति को 10-10 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। पुलिस ने यह भी साफ किया कि अगर आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारे जाते हैं, तो इनाम की मंजूरी मामले की जांच पूरी होने के बाद ही दी जाएगी।घोषित इनाम अपने आप खत्म हो जाएगाअगर पुलिस महानिरीक्षक या किसी अन्य बड़े अधिकारी द्वारा इससे ज्यादा इनाम घोषित किया जाता है, तो पहले घोषित इनाम अपने आप खत्म हो जाएगा। तब सबसे ज्यादा घोषित इनाम की रकम ही मान्य होगी। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अगर इन वांछित आरोपियों के बारे में किसी को कोई सही और भरोसेमंद जानकारी मिलती है।

## बीम गिरने से जान गंवाने वाले शिक्षामित्र का अंतिम संस्कार

**शाहजहांपुर में स्कूल का पुराना भवन तोड़ने का लिया था ठेका**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,स्कूल का बीम गिरने से जान गंवाने वाले शिक्षामित्र का शव बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा। दोपहर करीब एक बजे परिजनों ने रामगंगा नदी किनारे उनका अंतिम संस्कार कर दिया। गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के धुबला करीमनगर निवासी सुखपाल कश्यप कुबेर गौटिया प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र थे। विद्यालय का एक हिस्सा काफी पुराना और जर्जर हालत में था, जिसे तोड़ने का ठेका भी उन्होंने लिया था। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे वह भवन तोड़ने का काम देखने पहुंचे थे। बताया गया कि स्कूल के इंटरवल के दौरान बच्चों को पढ़ाने के बाद वह टूट रहे हिस्से का निरीक्षण करने गए थे। वहां बैठी एक रसोईया को उन्होंने दूसरी जगह जाने के लिए कहा। करीब पांच मिनट बाद उसी स्थान पर एक बड़ा बीम गिर गया और सुखपाल उसके नीचे दब गए। हादसे के बाद उन्हें चारपाई पर लिटाकर वाहन तक पहुंचाया गया। गंभीर हालत में उन्हें बरेली के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### परिवार में पत्नी, चार बेटे और तीन बेटियां

सुखपाल कश्यप के परिवार में पत्नी शीला देवी, चार बेटे और तीन बेटियां हैं। उनके एक बेटे और एक बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटी की शादी कुछ दिन पहले ही तय हुई थी। बुधवार को शव घर पहुंचने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## दबंगों ने घर में घुसकर पति-पत्नी को पीटा

**मकान विवाद में हुई मारपीट, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद; 4 आरोपियों पर केस**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,दबंगों ने घर में घुसकर पति-पत्नी पर हमला कर दिया। इस मारपीट में पति-पत्नी को चोटें आईं। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो मंगलवार रात सामने आया है। चीख-पुकार सुनकर मौके पर भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर जांच की और चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला महमंद जलालनगर की विनिता शर्मा पत्नी प्रदीप कुमार ने सदर बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके पति कारपेंटर का काम करते हैं। आरोप है कि उनके पड़ोस में रहने वाले कमलेश और उसके बेटे अमन, नन्हू व राजन ने 8 सितंबर की रात करीब 11 बजे जबरन उनके घर का दरवाजा तोड़ दिया। इसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की, जिससे विनिता के शरीर पर कई जगह चोटें आईं। अस्पताल ले जाकर मेडिकल कराया गया शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने विनिता के पति प्रदीप कुमार के साथ भी मारपीट की। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। मारपीट के बाद विनिता की तबीयत ज्यादा खराब हो गई, जिसके चलते उन्हें अस्पताल ले जाकर मेडिकल कराया गया। विनिता ने यह भी बताया कि मारपीट के दौरान उनका मोबाइल गिर गया था। उन्होंने अपनी और अपने परिवार की जान को खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस वीडियो में दिख रही घटना और आरोपों की सच्चाई की जांच कर रही है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# प्लास्टर करते समय रेलिंग से गिरा राजमिस्त्री, मौके पर मौत

**अमन लेखनी समाचार**

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टीकाराम खेड़ा निवासी करीब 40 वर्षीय राजमिस्त्री जयशंकर पुत्र श्रीकृष्ण की बुधवार को काम करते समय हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जयशंकर दिवारी में छेदीलाल के घर पर निर्माण कार्य कर रहे थे। वह घर की रेलिंग पर प्लास्टर करने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह रेलिंग से नीचे जा गिरे। ऊंचाई से गिरने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। हादसा इतना गंभीर था कि जयशंकर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची कासिमपुर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा



शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जयशंकर की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं। अचानक हुए इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी घटना को लेकर शोक का माहौल है।

# श्रमिकों को योगी सरकार की सौगात, सुकृत और डाला बाजार बनेंगे श्रमिक सुविधा केंद्र

**श्रमिकों की सुविधा के लिए तीन करोड़ से अधिक धनराशि खर्च करेगी योगी सरकार**

**सुरक्षित प्रतीक्षालय से लेकर पेयजल, शौचालय और मोबाइल चार्जिंग तक की होगी व्यवस्था**

**जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने शासन के निर्देश पर भूमि का चयन कर स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले दिहाड़ी मजदूरों को बेहतर सुविधाएं और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार ने एक और पहल की है। उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से प्रदेश भर में बनाए जा रहे डॉ. भीमराव अंबेडकर श्रमिक सुविधा केंद्र (लेबर अड्डा) की सौगात अब सोनभद्र के श्रमिकों को भी मिलने जा रही है। जिले में दो स्थानों पर इन आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्रों के निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि श्रमिक सुविधा केंद्रों के निर्माण के लिए ग्राम सुकृत में 253 वर्ग मीटर और डाला बाजार वार्ड नंबर चार में 200 वर्ग मीटर भूमि का चयन किया गया है। दोनों स्थानों पर निर्माण के लिए प्रस्ताव उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड को भेजा गया है। दोनों केंद्रों के निर्माण पर 3 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च होने का अनुमान है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाएगा।

## धूप–बारिश में भटकने से श्रमिकों को मिलेगी राहत

जिलाधिकारी ने बताया कि श्रमिक सुविधा केंद्रों का उद्देश्य दिहाड़ी श्रमिकों को काम की तलाश में सड़क किनारे अथवा खुले स्थानों पर खड़े रहने की मजबूरी से राहत देना है। केंद्रों में श्रमिकों के बैठने के लिए सुरक्षित प्रतीक्षालय और छायादार शेड की व्यवस्था होगी। इससे गर्मी, बारिश और अन्य मौसम में श्रमिकों को सुरक्षित स्थान मिल सकेगा। श्रमिक सुविधा केंद्रों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए जाएंगे। इससे विशेष रूप से महिला श्रमिकों को काम की तलाश के दौरान जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## मोबाइल चार्जिंग से पंजीकरण तक की सुविधा

उन्होंने बताया कि इन श्रमिक सुविधा केंद्रों को केवल बैठने की जगह तक सीमित नहीं रखा जाएगा। यहां बिजली और पंखे, मोबाइल चार्जिंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। साथ ही श्रमिकों के लिए पंजीकरण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन्हें श्रम विभाग और भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने में मदद मिले।

## योजनाओं की जानकारी भी मिलेगी

यह केंद्र श्रमिकों के लिए सुविधा केंद्र के साथ-साथ सरकारी योजनाओं तक पहुंच का माध्यम भी बनेंगे। पंजीकृत श्रमिकों को उनके लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस पहल से श्रमिकों को सुविधाजनक वातावरण मिलने के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी आसान हो जाएगी।

खास समाचार

# चलते-चलते अचानक गिरे युवक की इलाज के दौरान मौत

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को चलते-चलते अचानक गिरे युवक की इलाज के दौरान मंगलवार रात मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को सरोजनीनगर स्थित सैनिक स्कूल ग्राउंड के पास 34 वर्षीय युवक चलते-चलते अचानक गिर गया था। तब वहां से गुजर रहे राहगीरों और दुकानदारों ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी सरोजनीनगर पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसे लगातार झटके आने के साथ वह होश में नहीं आ रहा था। बाद में गंभीर हालात होने पर चिकित्सकों ने उसे लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन वहां पहुंचने के बाद रात में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बुधवार को सूचना के बाद सरोजनीनगर पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर जांच पड़ताल शुरू की तो मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान आलमबाग के मुनव्वर बाग रेलवे कॉलोनी स्थित एल - 27 एम निवासी रवि सिंह पुत्र हरिद्वार प्रसाद के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि जब उक्त पते पर पहुंच कर जानकारी करने की कोशिश की गई तो कालोनी पिछले चार-पांच वर्षों से खाली और खंडहर अवस्था में मिली। जिसके बाद आसपास के लोगों और दुकानदारों के अलावा आलमबाग बस स्टैंड, चारबाग स्टेशन, मवैया, दुगार्पुरी, कृष्णानगर, टीपी नगर सहित कई स्थानों पर फोटो दिखाकर पहचान कराने का प्रयास किया गया। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। तब पुलिस ने शव को लावारिस के रूप में पोस्टमार्टम के लिए केजीएमयू भेज दिया। लेकिन बाद में देर शाम पुलिस ने सैनिक स्कूल ग्राउंड के पास कंचनपुरी पहुंचकर जब मृतक की फोटो लोगों को दिखाई तब पता चला कि मृतक अविवाहित होने के साथ अपने पिता हरिद्वार प्रसाद के अलावा मां और विवाहित बड़े भाई रूमा सिंह व अविवाहित भाई उमेश सिंह के साथ कंचनपुरी में रहता था। पुलिस की जाँच में पता चला कि मृतक नशेड़ी होने के साथ मिर्गी के दौरे का रोगी था।

# रायपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25,000/- का इनामिया गौ-तस्कर गिरफ्तार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुधीर कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रायपुर विजय कुमार चौरसिया द्वारा थाना रायपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-128/2026 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट में वांछित एवं 25,000/- के इनामिया अभियुक्त निजामुद्दीन अंसारी पुत्र इमामुद्दीन अंसारी, निवासी ग्राम टोड़ी, थाना भगवानपुर, जनपद कैमूर भभुआ, बिहार को उसके निवास स्थान ग्राम टोड़ी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना रायपुर सहित जनपद सोनभद्र एवं बिहार राज्य के विभिन्न थानों में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त लगातार वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा 25,000/- का पुरस्कार घोषित किया गया था।

# न्यायालय द्वारा जारी वारण्ट के अनुपालन में थाना कोन पुलिस की कार्रवाई

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोन पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

# गणेश उत्सव भारतीय संस्कृति, आस्था और एकता का पर्व-आशीष पांडेय

**विघ्नहर्ता के जयकारों से भक्तिमय हुआ रेनुसागर, पांच दिवसीय श्रीगणेश उत्सव शुरू।**

**अमन लेखनी समाचार**



अनपरा सोनभद्र। हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह के मार्गदर्शन में हिंडालको रेनुसागर के पैराडाइज प्रेक्षागृह में श्रद्धा, उल्लास एवं भक्ति से ओत-प्रोत पांच दिवसीय ह्लश्रीगणेश उत्सवह्व का शुभारंभ किया गया। विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना में यजमान रहे ईआर हेड मृदुल भारद्वाज विभागाध्यक्ष मानव संसाधन बृजेश कुमार बर्मा एवं अनिकेत दास द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्री गणेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की आराधना कर सुख, समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की।वही देर शाम तक चले भजन संध्या में अनपरा भजन गायक अनुज,आशीष जुड़वां भाइयों के ₹आओ अगंना पधारो श्री गणेश जी,देवा हो देवा गणपति देवा, डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा,किजो केशरी के लाल, भजनों से प्रेक्षागृह में बैठे स्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान हेड एच आर आशीष पांडेय ने भगवान श्रीगणेश को ज्ञान, बुद्धि, विवेक का प्रतीक बताते हुए कहा कि गणेश उत्सव हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश देता है।ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द एवं सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर हिंडालको रेनुसागर के मेंटिनेंस हेड जगदीस पात्रा, हेड एच आर आशीष पांडेय, मनु अरोरा, दीपक पांडेय, मनीष सिंह,सुधाकर अन्नामलाई,चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर मुकुल बृन्दा ,डॉक्टर प्रदीप सिंह ,अनिल शर्मा ,संजीव श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित सक्सेना,सदानन्द पांडेय ,अनिकेत दास एवं राजेश्वर का सराहनीय सहयोग रहा।धन्यवाद व्यक्त करते हुये रोहित सक्सेना ने कहा कि भगवान श्रीगणेश सभी के जीवन में सुख-शांति एवं समृद्धि प्रदान करे यही मेरी प्रार्थना है।कार्यक्रम सफल संचालन अनिकेत दास ने किया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में मंगलवार परेड की सलामी लेकर किया गया निरीक्षण

**अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ शस्त्र अभ्यास में प्रतिभाग किया गया**

**यू0पी0–112 एवं विभिन्न थानों से आए पुलिस वाहनों व उपकरणों की सघन चेकिंग कर दिए आवश्यक दिशा–निर्देश।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पिपरी श्री हर्ष पाण्डेय भी मौजूद रहे। पुलिस कर्मियों की वर्दी, टर्नआउट एवं अनुशासन का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता एवं ड्यूटी के प्रति तत्परता बनाए रखने हेतु दौड़ एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई। इसके साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ शस्त्र अभ्यास में स्वयं प्रतिभाग करते हुए आवश्यक अभ्यास किया गया।इसके पश्चात यू0पी0-112 एवं विभिन्न थानों से आए पुलिस वाहनों की चेकिंग कर साफ-सफाई, तकनीकी स्थिति एवं आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता का जायजा लिया गया तथा वाहनों को सदैव कार्यशील एवं उपयोग योग्य स्थिति में रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस रेडियो केन्द्र, साइबर केन्द्र एवं बैरक का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

# अनपरा पुलिस द्वारा इलेक्ट्रिक दुकान से चोरी के मामले 01 अभियुक्त गिरफ्तार एवं 02 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

**कब्जे से 11 बोरी में इलेक्ट्रिक केबिल तार एवं चोरी में प्रयुक्त ई–रिक्शा बरामद।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करने व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना अनपरा प्रणय प्रसून श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में थाना अनपरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना अनपरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-187/2026 धारा 305(), 331(4) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार को गिरफ्तार तथा 02 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त/बाल अपचारियों के कब्जे से चोरी किया गया इलेक्ट्रिक केबिल तार 11 बोरियों में तथा चोरी में प्रयुक्त ळश्र ई-रिक्शा बरामद किया गया है। प्रकरण में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। घटना दिनांक 13.09.2026 को थाना अनपरा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0-03 स्थित एक इलेक्ट्रिक की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा इलेक्ट्रिक केबिल तार चोरी किए जाने के संबंध में थाना अनपरा पर मु0अ0सं0-187/2026 धारा 305(), 331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। विवेचना एवं चोरी के माल की बरामदगी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे थे। दिनांक 15.09.2026 को मुखबिर की सूचना एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर दुल्लापाथर रोड स्थित जियो टावर के पास ळश्र ई-रिक्शा से चोरी के केबिल तार को ले जाते हुए एक अभियुक्त एवं दो बाल अपचारियों को पकड़ लिया गया। मौके पर बरामद चोरी के सामान की पहचान वादी मुकदमा द्वारा अपने दुकान से चोरी हुए सामान के रूप में की गई। गिरफ्तार अभियुक्त व दो बाल अपचारियों को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। पूछताछ में अभियुक्त एवं बाल अपचारियों द्वारा बताया गया कि दिनांक 13.09.2026 को वे चोरी करने के उद्देश्य से ई-रिक्शा से सिनेमा रोड की तरफ घूम रहे थे। वार्ड नं0-03 में सुनसान स्थान देखकर इलेक्ट्रिक की दुकान का ताला तोड़कर भोर के समय दुकान से केबिल तार बोरियों में भरकर ई-रिक्शा से अपने साथ ले गए थे।

# सेवा, संकल्प और जनभागीदारी से विकसित भारत-2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं-प्रभारी मंत्री

**सेवा संकल्प अभियान बने जनसेवा का व्यापक आंदोलन, गांव से शहर तक दिखे अभियान का प्रभाव–प्रभारी मंत्री**

**17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, पोषण एवं जनकल्याण पर रहेगा विशेष जोर**

**जनप्रतिनिधियों और आमजन की सहभागिता से अभियान को बनाएं प्रभावी–भाजपा जिलाध्यक्ष**

**कार्यक्रम केवल आयोजन तक सीमित न रहें, धरातल पर दिखाई दे सकारात्मक परिणाम– जिलाधिकारी**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। जनपद में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ प्रभावी एवं परिणामपरक बनाने के उद्देश्य से प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हंसराज विश्वकर्मा जी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमएलसी विनीत कुमार सिंह जी, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता जी, जिलाधिकारी चर्चित गौड़ सहित जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा जी ने अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान जनसेवा, जनकल्याण और जनभागीदारी का सशक्त माध्यम बने। अभियान का प्रभाव ग्राम पंचायत से लेकर नगरीय क्षेत्रों तक दिखाई देना चाहिए। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए अधिकारी पूरी संवेदनशीलता एवं सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के दौरान रक्तदान शिविर, दिव्यांगजन कल्याण शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य एवं पोषण गतिविधियां, शिक्षा एवं युवा संवाद, रोजगार एवं आजीविका से जुड़े कार्यक्रम तथा जनजागरूकता गतिविधियां सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की जाएं।

# गरौठा: चोरी का बकरा और अवैध असलहा बरामद, दो गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा। कोतवाली गरौठा पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया बकरा, अवैध तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र मिश्रा ने बताया कि 15 सितंबर 2026 को रात्रि ग्राम जलालपुरा निवासी रामजीवन ने थाने में सूचना दी थी कि उसके घर के बाहर बने चबूतरे से बकरा चोरी हो गया है। सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। बुधवार को पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उनके कब्जे से चोरी किया गया बकरा, एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुष्पेन्द्र सिंह उर्फ बलू पुत्र जगदीश तथा किशनलाल अहिरवार पुत्र धनीराम के रूप में की है। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सूने घर में ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों की चोरी

**घर मालकिन गई थी ननिहाल, बेटी गांव के एक घर महिला के पास सोती रही, मौका देख सूने घर में कूदे अग्यात चोर किया हाथ साफ, पीड़िता ने थाने में दी तहरीर**

**अमन लेखनी समाचार**

नसीराबाद रायबरेली। थाना क्षेत्र के एक गांव में अग्यात चोरों ने सूने घर को निशाना बनाकर हाथ साफ कर दिया नगदी समेत लाखों के जेवर गहना लेकर फुर्र हो गए सुबह चोरी की जानकारी होने पर गांव में हाहाकार मच गया पीडिता द्वारा थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की लेकिन पुलिस जांच का हवाला देकर मामला दर्ज करने से कदम पीछे खींच लिया मामला पूरे कलंदर मजरे थौरी में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया घटना की जानकारी होने पर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है जानकारी के अनुसार उपरोक्त गांव निवासी सजरून निशा पत्नी अनीस 14 सितंबर को अपने मामा के घर गौरीगंज गई थीं रात अधिक होने के कारण वह वहीं रुक गईं ईधर घर पर मौजूद छोटी बेटी डरवश रात में गांव की एक महिला के घर सोने चली गई इसी दौरान चोरों ने सूने घर का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दे दिया पीड़िता के अनुसार जब वह मंगलवार को वापस घर पहुंचीं तो मकान का ताला गायब मिला और घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था अलमारी और अन्य स्थानों की देखरेख करने पर पता चला कि घर में रखे सोने और चांदी के जेवरात तथा नकदी चोरी हो चुके है चोरी गए सामान में सोने की कान की झुमकी, मंगलसूत्र, मांग टीका, चांदी का हाथफूल, एक जोड़ी पायल और पांच हजार रुपए नकद शामिल बताए जा रहे हैं चोरी की वारदात से परिवार में हड़कंप मच गया और आसपास के ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए। पीड़िता ने मामले की सूचना पहले पीआरबी 112 को दी फिर नसीराबाद पुलिस को देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सलोन थानेदार ने पीड़ित को दिखाई पुलिसिया रौब

जहां कप्तान पुलिस पीड़ित के साथ मित्र मिसाल का दावा पेश करते है वहीं सलोन थानेदार ने एक पीड़ित को न सिर्फ फटकार कर थाने से भगाया बल्कि पुलिसिया रौब भी दिखाई पीड़ित का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है गांव निवासी पूरे मंशा दुबहन पेसे से आदर्श पब्लिक स्कूल के प्रबंधक देवेन्द्र त्रिपाठी की वायरल वीडियो की मानें तो वह स्कूल में लगाने के लिए सोलर पैनल ईन्वाटर बैट्रा खरीद कर लाए थे लेकिन लगने से पहले स्कूल से चोरी हो गया जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपए बताई जा रही है चोरी की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे थे लेकिन आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय थानेदार बड़े रौब से कुर्सी से उठकर डरवा धमका और फटकार कर भगा दिया अब वह न्याय के लिए उपर के अधिकारी तक जाएंगे

## पुलिस दर्ज नहीं करती रिपोर्ट, मनबढ़ चोर

जहां चोरियों से हर बार पुलिस केवल जांच का हवाला देती है और मामला दर्ज करने से कदम पीछे हटाती है ऐसे में कुछ दिनों बाद पुलिस और पीड़ित भी नजर अंदाज कर मामले को भुलाने लगते है ऐसी स्थिति में चोरों के हौसले बढ़ते जाते हैं और क्षेत्र में लगातार चोरियों का सिलसिला बढ़ता जाता है

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




## एक हफ्ते के अंतर में रिलीज होंगी किंग और एवेंजर्स डूम्सडे

**मुंबई।** शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो इस साल के आखिरी में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। दरअसल, दिसंबर में ही 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'ड्यून 3' जैसी बड़ी हॉलीवुड फिल्में रिलीज हो रही हैं। ऐसे में ऐसी अफवाहें तेज हो चलीं कि इन बड़ी फिल्मों से टकराव रोकने के लिए 'किंग' को पोस्टपोन किया जा सकता है। लेकिन, अब शाहरुख खान ने कन्फर्म कर दिया है कि 'किंग' तय डेट पर ही रिलीज होगी। सुपरस्टार ने कन्फर्म किया कि 'किंग' को पोस्टपोन नहीं किया जाएगा, भले ही दिसंबर 2026 में कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। फिल्म आने में अभी 100 दिन बाकी हैं ना... 24 दिसंबर, ब्रो।'

लाइफ Style

## आंचल



### 14 साल से इंडस्ट्री में, फिर भी अपना घर नहीं

मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है। खासकर फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए यह शहर सफलता और चमक-दमक का प्रतीक माना जाता है। सोशल मीडिया पर भी अक्सर कलाकार अपने खूबसूरत घरों, आलीशान इंटीरियर और लग्जरी लाइफस्टाइल की तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी अभिनेत्री आंचल खुराना ने हाल ही में अपने घर का जो वीडियो दिखाया, वह इस चमकती तस्वीर से बिल्कुल अलग है। 'एमटीवी रोडीज 8' की विजेता रह चुकीं आंचल ने अपने मुंबई वाले 1 बीएचके किराए के फ्लैट का ऐसा टूर कराया, जिसमें उन्होंने बिना किसी बनावट के अपनी रोजमर्रा की जिंदगी की झलक दिखाई। आंचल ने अपने व्लॉग में बताया कि मुंबई में जिस 1 बीएचके फ्लैट में वह रहती हैं, उसका मासिक किराया करीब 70 हजार रुपए है। खास बात यह है कि इतने किराए के बावजूद घर के आसपास कोई शानदार गार्डन, स्विमिंग पूल या समुद्र का खूबसूरत नजारा नहीं है। उनके फ्लैट की खिड़कियों से दूर तक फैली चॉल और झुग्गी बस्ती दिखाई देती है। आंचल ने इस स्थिति को लेकर कोई शिकायत करने के बजाय इसे मजाकिया अंदाज में पेश किया। उन्होंने कहा कि मुंबई में घर खरीदना उनके लिए अभी भी बहुत दूर की बात है। अभिनेत्री ने यहां तक मजाक किया कि जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है और इंडस्ट्री की स्थिति है, उन्हें अपना घर खरीदने में 400-500 साल लग सकते हैं। उन्होंने साफ कहा कि यह कोई लग्जरी या बेहद खूबसूरत घर नहीं है, बल्कि किराए का एक साधारण फ्लैट है, जिसके लिए उन्हें हर महीने 70 हजार रुपये चुकाने पड़ते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



### टॉम-जेंडाया ने अभी नहीं की है शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के चर्चित कपल टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी को लेकर उनके स्टाइलिस्ट ने नया खुलासा किया है। दावा किया है कि दोनों ने अभी आधिकारिक तौर पर शादी नहीं की है। टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी की मिस्ट्री में एक नया ट्विस्ट आया है। महीनों से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि स्पाइडर-मैन स्टार्स ने गुपचुप तरीके से शादी कर ली है। मगर, जेंडाया के स्टाइलिस्ट और करीबी दोस्त लॉ रोच का कहना है कि कपल अभी आधिकारिक रूप से शादीशुदा नहीं है।



### छह साल बाद किया परफॉर्म मंच पर हुई भावुक

**पेरिस।** सिंगर सेलीन डायोन ने संगीत के मंच पर भावुक वापसी कर ली है। हाल ही में पेरिस में आयोजित शो में उन्होंने फैंस को शुक्रिया कहा। इसके साथ ही सेलीन शो के दौरान काफी खुश नजर आईं।सिंगर सेलीन डायोन ने गंभीर बीमारी से लड़ने के बाद स्टेज पर वापसी कर ली है। वह कई साल बाद पेरिस में शो के दौरान फैंस के लिए भावुक बाते कीं। सिंगर सेलीन डायोन ने हाल ही में पैरिस में कई साल बाद अपना शो किया। इस दौरान वह काफी भावुक दिखाई दीं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक वादा किया था। मंच पर वापस आने काऔर मैं यहां हूं। मैं आप सबको देखकर काफी खुश हूं। मैंने आप सभी को बहुत याद किया। मैं जो भी हूं आप सबके प्यार की वजह से हूं।'इस दौरान सिंगर के चेहरे पर खुशी के आंसू देखने मिले। 58 वर्षीय डायोन ने पेरिस के ला डिफेंस एरिना में अपनी आवाज का जादू बिखेरा।



### बेबी शावर सेरेमनी में निभाई रस्में

**मुंबई।** साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु और उनके पति राज निदिमोरु जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। इस बीच पहली बार मां बनने जा रही एक्ट्रेस का बेबी शावर हुआ है। सामंथा ने परंपरिक 'सीमंतम' सेरेमनी के फोटोज-वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जिसमें पारंपरिक अंदाज, रस्म और मंत्रों की गूंज ने फैंस का दिल जीत लिया है। इसमें पति राज भी सामंथा पर प्यार लुटाते हुए दिख रहे हैं। सामंथा ने बताया है कि बेबी शावर सेरेमनी के दौरान निभाई गई श्रीविद्या परंपरा के खास रस्म ने उन्हें भावुक कर दिया। तस्वीरों और वीडियो में एक्ट्रेस फूलों से सजी, एक खुली जगह पर बैठी नजर आईं। पुजारियों की मौजूदगी में श्रीविद्या परंपरा की रस्म अदायगी हुई। यह रस्म तमिल और तेलुगू परंपराओं का हिस्सा है, जिसमें गर्भवती महिलाओं को आशीर्वाद दिया जाता है।



### नए लुक में गणेश चतुर्थी पूजा में पहुंचे...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सलमान खान नीता अंबानी और मुकेश अंबानी की गणेश चतुर्थी पूजा में नए लुक में शामिल होकर हर किसी का ध्यान खींच लिया। 14 सितंबर को मुकेश अंबानी के घर पर गणेश चतुर्थी पूजा का आयोजन किया गया था, जहां कटरीना कैफ, विक्की कौशल, कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान और कृति सेनन समेत बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स पहुंचे थे। इस गणेश पूजा में सलमान खान ने भी शिरकत की। उन्होंने स्वैग मारते हुए सिंपल लुक में एंट्री की और देखते ही देखते उनका लुक छा गया। उन्होंने वॉन्टेड लुक में एंट्री मारी। उन्होंने अपने बालों को स्कार्फ से कवर किया। लाइट ब्लू स्ट्रिप शर्ट और डेनिम जींस में एक्टर हैंडसम लग रहे हैं। सलमान खान का नया लुक देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

## टीवी मसाला



### आसिफ और यंग समेत चार घर वालों पर साजिश के आरोप

**नई दिल्ली।** चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' की बात हो और इसमें विवाद न हो, ऐसा नहीं हो सकता। शो के हालिया एपिसोड में 'बिग बॉस' ने यंग डीएसए, रोहेद खान, आसिफ खान और स्काउट पर साथी कंटेस्टेंट्स को शो से बाहर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। इसके चलते उन्हें सीधे नॉमिनेट कर दिया गया है। 'बिग बॉस 20' में एक नया ट्विस्ट देखा गया। बिग बॉस ने घर के अंदर यंग डीएसए, रोहेद खान, आसिफ खान और स्काउट पर घर के दूसरे सदस्यों को बाहर निकालने की योजना बनाने का आरोप लगाया। कप्तान होने के कारण यंग तो सजा से बच गए, लेकिन नियमों के कथित उल्लंघन के कारण रोहेद, आसिफ और स्काउट को सीधे एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेट कर दिया गया। बता दें कि एपिसोड की शुरुआत नॉमिनेशन प्रक्रिया से हुई, जिससे घर के अंदर कई समीकरण सामने आए। प्रतिभागियों से उन साथी सदस्यों के नाम बताने को कहा गया, जिन्हें वे घर से बाहर होते देखना चाहते थे। इसके चलते तीखी बहस हुई और कई नाम सामने आए। आम्रपाली, अरिशफा, माही, आसिफ, अमन, उदिति, गुल्लू और स्काउट जैसे कई सदस्य नॉमिनेशन से जुड़ी चर्चाओं के केंद्र में रहे। एलिमिनेशन नॉमिनेशन में आम्रपाली, ईशा, आसिफ और लव जैसे नामों का भी जिक्र किया गया। मगर, एपिसोड खत्म होते-होते एक नया ट्विस्ट आया, जिसने सभी को चौंका दिया। बिग बॉस ने यंग, रोहेद, आसिफ और स्काउट पर अन्य घरवालों को घर से बाहर भेजने की कथित साजिश रचने का आरोप लगाया।

### मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं : बिग बी

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 83 उम्र के हैं, लेकिन इस उम्र में भी वह काम को लेकर काफी एक्टिव रहते हैं। वह लंबे घंटे तक काम करते हैं और सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहते हैं और अपनी लाइफ और काम को लेकर एक्स और ब्लॉग के जरिए फैंस को अपडेट देते रहते हैं। अब हाल ही में बिग बी ने एक पोस्ट किया जिसके बाद ये अफवाह आने लगी कि बिग बी रिटायरमेंट ले सकते हैं। अब बिग बी का इस पर रिएक्शन आया है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में क्लीयर किया कि वह रिटायरमेंट नहीं ले रहे हैं और उनके रिटायर फॉर द डे का मतलब ये नहीं था कि वह रिटायर ले रहे हैं बल्कि उनका मतलब है कि वह दिन के काम से रिटायर होकर सो रहे हैं। इसके अलावा बिग बी ने उन कुछ मीडिया वेबसाइट और सोशल मीडिया पेज की आलोचना की जिन्होंने उनके रिटायरमेंट की खबर लिखी। बिग बी ने आगे लिखा, 'जी नहीं हुजूर, मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं। अंग्रेजी में इसका मतलब होता है मैं अब सोने जा रहा हूं और वहां मान्यवर आपको आने का निमंत्रण नहीं है।'



### राधिका का अनोखा गणपति लुक भरतनाट्यम से जमाया रंग

*मुंबई। मुंबई में अंबानी परिवार का गणपति उत्सव हर साल अपनी भव्यता के लिए चर्चा में रहता है। इस बार भी अंटीलिया में गणपति बप्पा के स्वागत के लिए खास आयोजन किया गया, जिसमें परिवार के सदस्यों के साथ बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं। हालांकि, इस पूरे समारोह में राधिका मर्चेंट का अंदाज कुछ अलग रहा। उन्होंने सिर्फ अपने आउटफिट से ही ध्यान नहीं खींचा, बल्कि भरतनाट्यम प्रस्तुति के जरिए भारतीय संस्कृति और फैशन के खूबसूरत मेल को भी सामने रखा। राधिका मर्चेंट प्रशिक्षित भरतनाट्यम डांसर हैं और गणेश चतुर्थी के इस शुभ अवसर पर उन्होंने अंटीलिया में खास प्रस्तुति दी। इस परफॉर्मेंस के लिए उनका पहनावा भी साधारण नहीं था। उनके लिए खास तौर पर तैयार किया गया आउटफिट भारतीय पारंपरिक टेक्सटाइल की खूबसूरती और क्लासिकल डांस की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया था। यही वजह रही कि उनका लुक सिर्फ देखने में खूबसूरत नहीं लगा, बल्कि उनकी डांस परफॉर्मेंस के साथ भी पूरी तरह जुड़ा हुआ नजर आया।*



### एमी अवॉर्ड्सः मैथ्यू बने बेस्ट लीड एक्टर, जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास

**लॉस एंजिल्स।** 78वें प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स 2026 के मुख्य विजेताओं का ऐलान हो चुका है। बता दें कि इससे एक सप्ताह पहले तकनीकी और सहायक श्रेणियों के लिए क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवॉर्ड्स प्रदान किए गए थे। अब मुख्य विनर्स की लिस्ट भी सामने आ चुकी है। हॉरर-कॉमेडी विडोज बे, हैक्स और द पिट के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला है।

***मैथ्यू राइस ने झटके दो अवॉर्ड, बनाया रिकॉर्ड :*** अवॉर्ड सेरेमनी में मैथ्यू ने एक रिकॉर्ड कायम किया है। मैथ्यू ने एक नहीं, बल्कि दो अवॉर्ड जीते। इसी के साथ मैथ्यू राइस ने एक ही रात में दो 'लीड एक्टर' अवॉर्ड जीतकर एमी अवॉर्ड्स के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वे इस सेरेमनी के इतिहास में ऐसा करने वाले पहले एक्टर बन गए हैं। सोमवार को हुई सेरेमनी में मैथ्यू ने पहले नेटफ्लिक्स की 'द बीस्ट इन मी' में अपने काम के लिए 'लीड एक्टर (लिमिटेड)' का अवॉर्ड जीता। इसके बाद उन्होंने 'विडोज बे' के लिए 'लीड कॉमेडी एक्टर' का अवॉर्ड अपने नाम किया।

***जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास :*** अभिनेत्री जीन स्मार्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का एमी



पुरस्कार मिला है। उन्हें 'हैक्स' के लिए यह प्रदान किया गया है। यह उनका लगातार पांचवी बार 'लीड एक्ट्रेस का अवॉर्ड है। वह ऐसी पहली कलाकार हैं, जिन्होंने किसी सीरीज के पूरे रन के हर सीजन के लिए एक्टिंग एमी जीता हो। इसी के साथ जीन ने इतिहास रच दिया है। यह उनके करियर का आठवां एमी पुरस्कार है।

***नोह वाइल, रिया सीहोर्न ने भी झटकी ट्रॉफी :*** एमी पुरस्कार पर नोह वाइल का भी कब्जा रहा। नोह ने 'द पिट' के लिए ड्रामा सीरीज में लीड एक्टर का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा रिया सीहोर्न ने प्लूरिबस के लिए ड्रामा सीरीज में मुख्य अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। वहीं, लिंडा कार्डेलिनी और डेविड हार्बर ने डीटीएफ सेंट लुइस के लिए सपोर्टिंग एक्टिंग अवॉर्ड जीते हैं।

#### मुख्य अवॉर्ड सेरेमनी के विजेताओं की लिस्ट कुछ इस तरह है

*ड्रामा श्रेणी के विजेता :* लीड एक्टर के तौर पर नोह वाइल ने 'द पिट' के लिए पुरस्कार जीता

मुख्य अभिनेत्री के लिए रिया सीहोर्न ने 'प्लूरिबस' के लिए अवॉर्ड

सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड एलिसन जैनी ने 'द डिप्लोमैट' के लिए जीता

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अर्नेस्ट हार्डन जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अर्नेस्ट हार्डन जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

गेस्ट एक्ट्रेस शैलीन वुडली को 'पैराडाइज' के लिए पुरस्कार मिला

***कॉमेडी सीरीज श्रेणी के विजेता :*** 'हैक्स' के लिए लीड एक्ट्रेस के तौर पर जीन स्मार्ट

'विडोज बे' के लिए सपोर्टिंग अभिनेता स्टीफन रूट

'विडोज बे' के लिए सपोर्टिंग एक्ट्रेस बनीं केट ओ'फ्लिन

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड रॉब रेनर को 'द बेयर' के लिए मिला।

गेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड बेट्टी गिलपिन को 'विडोज बे' के लिए मिला

### इस सप्ताह लगेगा क्राइम-सस्पेंस और रोमांस का तड़का

## ओटीटी पर दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। मनोरंजन के शौकीनों को नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार होगा। सिनेमाघरों में छह हफ्ते बाद भी हनुमान अंश छाई हुई है। मिर्जापुर' भी बॉक्स ऑफिस की गद्दी पर काबिज है। दायरा और वाइब जैसी फिल्में इस नए वीक में दस्तक देंगी। इस बीच ओटीटी पर भी माहौल जबर्दस्त रहने वाला है। क्राइम, सस्पेंस थ्रिलर से लेकर रोमांटिक सीरीज और फिल्में इस वीक में रिलीज होंगी।*

#### लस्ट स्टोरीज सीजन 3

इस सप्ताह सबसे ज्यादा चर्चा इसी सीरीज को लेकर हो रही है। चर्चित सीरीज 'लस्ट स्टोरीज' का तीसरा सीजन आएगा। इस बार आधुनिक रिश्तों, ख्वाहिशों और इमोशंस की थीम पर बनी ये सीरीज दर्शकों का कितना ध्यान आकर्षित करती है, देखना दिलचस्प होगा। राधिका आप्टे, कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी, विजय वर्मा, राधिका मदान, अली फजल और सिद्धार्थ अभिनीत यह सीरीज 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसे विक्रमादित्य मोटवाने, किरण राव, शकुन बत्रा और विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया है।

#### थुडक्कम

मलयालम एक्शन थ्रिलर फिल्म 'थुडक्कम' भी इस सप्ताह दस्तक देगी। बता दें कि जूड एंथनी जोसेफ निर्देशित यह फिल्म 07 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इसे काफी पसंद किया गया। अब यह फिल्म 18 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। आशीष जो एंटनी और मोहनलाल अभिनीत फिल्म ने सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म किया था। आशीष इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।




#### द स्कैंडल

साउथ कोरियन पीरियड रोमांस ड्रामा सीरीज 'द स्कैंडल' भी इस बार की लिस्ट में शामिल है। इसे ली सेउंग-यंग और आन हे-सोंग ने लिखा है। जंग जी-वू ने डायरेक्ट किया है। इसकी कहानी कोरिया के जोसोन राजवंश के समय पर आधारित है और यह उन लोगों की कहानी है जो समाज के सख्त नियमों को तोड़कर प्यार और आकर्षण के एक खतरनाक खेल में शामिल हो जाते हैं। दर्शक इसे 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसमें सोन ये-जिन और जी चांग-वूक अहम भूमिकाओं में हैं।

#### मोबलैंड सीजन 2



ब्रिटिश क्राइम ड्रामा सीरीज का दूसरा सीजन इस वीक रिलीज होगा। 10 एपिसोड वाली मोबलैंड सीजन 2 सीरीज 18 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। यह एक बड़े माफिया परिवार और उनके बीच सत्ता के संघर्ष की कहानी पर आधारित है।

#### इरुमुडी

रवि तेजा की यह फिल्म भी इस सप्ताह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। यह एक्शन-ड्रामा फिल्म 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 18 सितंबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

#### मैंगो पच्चा

अगर क्राइम ड्रामा फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीक 'मैंगो पच्चा' आप देख सकते हैं। यह फिल्म इस साल जून में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 14 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। यह कन्नड़ क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके जरिए संचित संजीव ने डेब्यू किया है, जो कि किच्चा सुदीप के भतीजे हैं।

#### कट्टलन

यह मलयालम भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस वीक यह हिंदी भाषा में ओटीटी पर रिलीज हो रही है। रोमांच से भरपूर यह एक्शन ड्रामा फिल्म सोनी लिव पर 18 सितंबर से स्ट्रीम होगी। फिल्म में एंटनी वर्गीस, सुनील, और कबीर दूहन सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं।